


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 160

ग्वालियर, शुक्रवार, 30 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन




## अक्षय कुमार ने दिया एक करोड़ का दान

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अक्सर अपने सामाजिक कार्यों और समाज सेवा के लिए दान को लेकर चर्चा में रहते हैं। अक्षय कुमार अपने व्यस्त फिल्मी शेड्यूल के बीच में भी सामाजिक कार्यों के लिए समय निकाल ही लेते हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ने कश्मीर के एक गांव में बनने वाले स्कूल के लिए करीब 1 करोड़ रुपए दान किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले कोरोना संकट के दौरान भी कोरोना पीड़ितों के लिए अक्षय कुमार बड़ी धनराशि दान कर चुके हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार हाल ही में कश्मीर गए थे और इस दौरान उन्होंने ब्रस्न्र जवानों और अधिकारियों के साथ मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया था। इस दौरान अक्षय कुमार ने दरियादिली दिखाते हुए कश्मीर के बच्चों के स्कूल की इमारत को दोबारा बनवाने के लिए 1 करोड़ की बड़ी धनराशि दान में दी है। बच्चों के लिए स्कूल का पुर्ननिर्माण कश्मीर के तुलैल के नीरू गांव में किया जा रहा है। Akshay Kumar के इस सरहनीय कार्य के बारे में जानकारी देने के लिए BSF ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि 27 जुलाई को स्कूल आधारशिला रख दी गई है।

### अक्षय कुमार के पिता के नाम पर स्कूल

अक्षय कुमार ने जिस स्कूल के लिए दान किया है, उस स्कूल का नाम अक्षय के पिता स्वर्गीय हरिओम भाटिया के नाम पर रखा गया है। BSF ने सोशल मीडिया पर जारी फोटो के साथ में लिखा है कि ÷डीजी BSF राकेश अस्थाना ने पद्मश्री से सम्मानित अक्षय कुमार के साथ BWWA की अध्यक्ष अनु अस्थाना और SDG वेस्टर्न कमांड BSF सुरेंद्र पंवार की उपस्थिति में आज कश्मिर में 'हरिओम भाटिया एजुकेशन ब्लॉक गवर्नमेंट मिडिल स्कूल नीरू' की वर्चुअली आधारशिला रखी. जय हिंद

## विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा न करकर भाजपा लोकतंत्र को दबा रही है : चिदंबरम

**नई दिल्ली (ए)।** संसद के चल रहे मानसून सत्र में जारी अवरोध को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री और राज्यसभा सांसद पी. चिदंबरम ने गुरुवार को विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सदन में चर्चा नहीं करने के लिए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक बयान में कहा, विपक्ष (पेगासस, कृषि कानून) द्वारा उठाए गए मामलों पर सरकार द्वारा जिद्दी रवैया अपनाकर चर्चा करने से इनकार करने से संसद में गतिरोध है। उन्होंने कहा, %भाजपा सदस्यों के उपस्थिति पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के कारण, एक संसदीय समिति बाधित हो गई है और शायद भंग होने की राह पर है। 15 अगस्त को क्या मनाया जाएगा? एक कमजोर लोकतंत्र?% पेगासस जासूसी विवाद के मुद्दे पर एक संयुक्त विपक्ष संसद में सरकार पर हमलावर रही है। विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव के लिए नोटिस दिया है। लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर और मनीष तिवारी पहले ही स्थगन प्रस्ताव के लिए नोटिस भेज चुके हैं।

## नई शिक्षा नीति के एक साल पर मोदी का ऐलान

# विद्या प्रवेश से प्ले स्कूल का कॉन्सेप्ट गांवों तक पहुंचेगा

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई 11 भाषाओं में की जा सकेगी



*नई दिल्ली (ए)। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी मिले गुरुवार को एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन सेक्टर से जुड़े लोगों, टीचर्स और स्टूडेंट्स से सीधी बात की। इस दौरान उन्होंने दो बड़े ऐलान किए। पहला कि गांवों में भी बच्चों को प्ले स्कूल की सुविधा मिलेगी। अब तक यह कॉन्सेप्ट शहरों तक सीमित है। दूसरा कि इंजीनियरिंग के कोर्स का 11 भारतीय भाषाओं में ट्रांसलेशन के लिए टूल डेवलप किया जा चुका है। इससे इन भाषाओं के छात्रों को पढ़ाई में आसानी होगी। प्रधानमंत्री ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को एक साल पूरा होने पर सभी देशवासियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में आप सभी लोगों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और नीतिकारों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को धरातल पर उतारने में मेहनत की है। कोरोना के इस काल में भी लाखों नागरिकों, शिक्षकों, राज्यों से सुझाव लेकर, टास्क फोर्स बनाकर शिक्षा नीति को लागू किया जा रहा है।*

### मोदी के स्पीच की खास बातें...

#### 1. विद्या प्रवेश प्रोग्राम लॉन्च, गांवों तक पहुंचेंगे प्ले स्कूल

विद्या प्रवेश प्रोग्राम आज लॉन्च किया गया है। अब तक प्ले स्कूल का कॉन्सेप्ट बड़े शहरों तक सीमित है। विद्या प्रवेश के जरिए यह गांव-गांव जाएगा। ये प्रोग्राम आने वाले समय में यूनिवर्सल प्रोग्राम के तौर पर लागू होगा और राज्य भी इसे जरूरत के हिसाब से लागू करेंगे। देश के किसी भी हिस्से में अमीर हो या गरीब, उसकी पढ़ाई खेलते और हंसते हुए और आसानी से होगी। शुरुआत मुस्कान के साथ होगी तो आगे कामयाबी का रास्ता भी आसानी से पूरा होगा। इंजीनियरिंग के कोर्स का 11 भारतीय भाषाओं में ट्रांसलेशन के लिए एक टूल डेवलप किया जा चुका है। साथ ही मुझे खुशी है कि 8 राज्यों के 14 इंजीनियरिंग कॉलेज 5 भारतीय भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी और बांग्ला में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू करने जा रहे हैं।

#### 2. नई योजनाएं नए भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी

एक साल में शिक्षा नीति को आधार बनाकर अनेक बड़े फैसले लिए गए हैं। इसी कड़ी में नई योजनाओं की शुरुआत का सौभाग्य मिला है। ये महत्वपूर्ण अवसर ऐसे समय में आया है, जब देश आजादी के 75 साल का महोत्सव बना रहा है। 15 अगस्त को हम आजादी के 75वें साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। एक तरह से ये नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का इम्प्लिमेंटेशन आजादी के महापर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। नई योजनाएं नए भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

हम कितना आगे जाएंगे, कितना ऊंचा जाएंगे, ये इस बात पर निर्भर करेगा कि हम अपने युवाओं को वर्तमान में कैसी शिक्षा दे रहे हैं, कैसी दिशा दे रहे हैं, इसीलिए मैं मानता हूं कि भारत की नई शिक्षा नीति राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ के बड़े फैक्टर में से एक है। इसे आधुनिक बनाया गया है और फ्यूचर रेडी रखा गया है।

#### 3. पढ़ाई का ढंग बदला, स्टूडेंट्स ने इसे अपनाया भी

हमारे साथ मौजूद युवाओं के सपनों और उम्मीदों के बारे में पूछेंगे तो उनके मन में नयापन और नई ऊर्जा दिखाई देगी। युवा बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है, वो इंतजार नहीं करना चाहता है। कोरोना काल में कैसे हमारी शिक्षा व्यवस्था के सामने इतनी बड़ी चुनौती आई। पढ़ाई का ढंग बदल गया, लेकिन विद्यार्थियों ने तेजी से इस बदलाव को एडॉप्ट कर लिया है।

ऑनलाइन एजुकेशन अब एक सहज चलन बन गया है। शिक्षा मंत्रालय ने भी इसके लिए प्रयास किए हैं। मंत्रालय ने दीक्षा प्लेटफॉर्म, स्वयं पोर्टल शुरू किया। छात्र पूरे देश से इनका हिस्सा बन गए। पिछले एक साल में 2300 करोड़ से ज्यादा हिट होना ये बताता है कि ये कितना उपयोगी प्रयास रहा है। आज भी हर दिन इसमें 5 करोड़ हिट हो रहे हैं।

#### 4. 21वीं सदी के युवा को पुराने बंधनों से मुक्ति चाहिए

21वीं सदी का आज का युवा अपनी व्यवस्थाएं और दुनिया अपने हिसाब से बनाना चाहता है। उसे एक्सपोजर चाहिए। उसे पुराने बंधनों और पिंजरों से मुक्ति चाहिए। आज छोटे-छोटे गांवों-कस्बों से निकले युवा कैसे-कैसे कमाल कर रहे हैं। इन्हीं दूरदराज इलाकों से आने वाले युवा आज टोक्यो ओलिंपिक्स में देश का झंडा बुलंद कर रहे हैं। भारत को नई पहचान दे रहे हैं। करोड़ों युवा अलग-अलग क्षेत्रों में असाधारण काम कर रहे हैं।

#### 5. आने वाले समय में परीक्षा के डर से मुक्ति मिलेगी

नई व्यवस्था में एक ही क्लास और एक ही विषय में जकड़े रहने की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। युवा अपनी रुचि, सुविधा से कभी भी एक स्ट्रीम को चुन सकता है और छोड़ सकता है। कोर्स सिलेक्ट करते समय ये डर नहीं रहेगा कि डिसीजन गलत हो गया तो क्या होगा। आने वाले समय में परीक्षा के डर से भी मुक्ति मिलेगी। ये डर निकलेगा तो नए इनोवेशन का दौर शुरू होगा और संभावनाएं असीम होंगी।

#### 6. युवाओं को एक कदम आगे का सोचना होगा

ये माना जाता था कि अच्छी पढ़ाई के लिए विदेश जाना होगा, लेकिन विदेशों से स्टूडेंट भारत आएं, ये हम देखने जा रहे हैं। देश के डेढ़ सौ से ज्यादा विश्वविद्यालयों में ऐसी व्यवस्था की जा चुकी है। हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च में आगे बढ़ें, इसके लिए गाइडलाइन जारी की गई है।

## शराब कांडः फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

**भोपाल (ए)।** प्रदेश के मंदसौर के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में जहरीली शराब कांड के फरार आरो?पियों पर दस-दस हजार के इनाम की घोषणा कर दी है। जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत होने के बाद यह मामला गरमा गया है। राज्य शासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआइटी गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. राजेश राजोरा के नेतृत्व में मंदसौर आ चुकी है। इधर पुलिस प्रशासन मामले में नामजद आरोपितों को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। इसके चलते एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने तीन फरार आरोपितों पर इनाम घोषित किया है। जहरीली शराब के मामले में पुलिस ने जयपालसिह निवासी सुजानपुरा, पिंटूसिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। वही महिपालसिंह उर्फ नेपालसिंह पुत्र गोपालसिंह निवासी खंखराई, गजेन्द्रसिंह पुत्र महिपालसिंह उर्फ नेपालसिंह निवासी खंखराई, 3. जितेन्द्रसिंह उर्फ जीतू पिता विक्रमसिंह राजपूत निवासी पिपलियामंडी अभी फरार है। इन सभी के खिलाफ पिपलियामंडी थाने पर भादसं की धारा 304, 328, 34 एवं म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 49-ए के तहत प्रकरण दर्ज है।

## पोर्न फिल्म मामले में शर्लिन का खुलासा

# शिल्पा से रिश्ते में खुश नहीं था राज कुंद्रा, घर आकर बदसलूकी की

मुंबई, एजेंसी

शर्लिन चोपड़ा का खुलासा- राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले में बयान दर्ज कराने के लिए शर्लिन चोपड़ा बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने पेश हुई। शर्लिन ने अपने बयान में राज कुंद्रा के साथ बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट, शर्लिन चोपड़ा ऐप और शिल्पा के साथ उनके रिश्ते के बारे में भी बताया। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि राज ने उनसे सेक्शुअल मिसकंडक्ट किया था। गौरतलब है कि शर्लिन ने अप्रैल 2021 में राज के खिलाफ एफआईआर भी की थी। राज 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में हैं और निचली अदालत ने 28 जुलाई को जमानत देने से इंकार कर दिया है। शर्लिन ने बताया कि राज कुंद्रा 27 मार्च 2019 को बिजनेस मीटिंग के बाद एक मैसेज को लेकर हुई तीखी बहस को लेकर बिना बताए उनके घर आया था। शर्लिन ने आरोप लगाया कि राज उनसे जबरदस्ती करने लगा, जबकि वो इसके लिए मना करती रहीं। शर्लिन ने राज से कहा था कि वह एक शादीशुदा आदमी के साथ रिश्ता नहीं रखना चाहतीं और न ही बिजनेस को निजी जिंदगी के साथ मिलाना चाहती हैं। जिस पर राज ने उन्हें बताया था कि उसकी पत्नी शिल्पा शेट्टी के साथ उसका रिश्ता कॉम्प्लिकेटेड है और वह घर पर ज्यादातर समय तनाव में रहता है। शर्लिन को पहले ही मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने 2020 में आर्म्सप्राइम के खिलाफ दर्ज स्नढ्ढक्र में आरोपी के रूप में पेश किया था। क्राइम ब्रांच ने उन्हें 26 जुलाई, 2021 को पोर्न फिल्म रैकेट मामले में एक बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया। अपनी याचिका में कहा कि उन्हें राज कुंद्रा की तरह गिरफ्तारी का डर है। अदालत ने 28 जुलाई को गिरफ्तारी के खिलाफ शर्लिन को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है।





### शर्लिन के बयान की खास बातें

- मार्च 2019 में शर्लिन चोपड़ा ने आर्म्सप्राइम के साथ एक समझौता किया था, जिसके फाउंडर राज कुंद्रा थे। शर्लिन ने आर्म्सप्राइम के साथ कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं किया, क्योंकि वे मौजूदा 50-50 रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल को लेकर कम्फर्टेबल नहीं थीं। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद ऐप पर मौजूद कंटेंट हटाने के लिए कहा था, लेकिन वो अभी भी इंटरनेट पर है।
- कॉन्ट्रैक्ट के दौरान शर्लिन ने ऐप के लिए कुछ वीडियो शूट किए थे। उनमें से एक चॉकलेट वीडियो के बारे में साइबर पुलिस ने पूछताछ की थी। शर्लिन बोलीं उस समय आर्म्सप्राइम के क्रिएटिव हेड के साथ उनकी तीखी बहस हुई थी। चॉकलेट वीडियो अंधेरी (पूर्व) के एक होटल में शूट किया गया था। वीडियो शूट के बारे में चोपड़ा ने कहा- उसने कहा था कि मैं अपने संकोच को छोड़ दूं और हॉलीवुड मॉडल की तरह खुल जाऊं।
  शर्लिन चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि मार्च 2019 में राज कुंद्रा ने द शर्लिन चोपड़ा ऐप के आइडिया के साथ अपने बिजनेस मैनेजर को उनके पास भेजा था। बिजनेस मैनेजर ने कहा था वह जो कंटेंट सोशल मीडिया पर अपलोड करती हैं वह मुफ़्त है, लेकिन वह एक कस्टमाइज ऐप के जरिए इनसे पैसा कमा सकती हैं।
- उन्होंने अपने बयान में कहा कि आर्म्सप्राइम और राज कुंद्रा के साथ अपने कॉन्ट्रैक्ट के 12 महीनों के दौरान उन्हें किसी भी कानूनी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसलिए वे जानती थीं कि इस नेचर के कन्टेंट को प्रदर्शित करना कानूनी रूप से दिक्कत देने वाला नहीं था।

## वर्ल्ड टाइगर डे आज

# प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बढ़ी तेंदुओं की संख्या

जबलपुर, एजेंसी



टाइगर के बाद तेंदुआ स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मध्यप्रदेश में तेंदुओं की संख्या टाइगर रिजर्व (बाघ संरक्षित क्षेत्रों) में तेजी से बढ़ रही है। 2018 में हुए नेशनल टाइगर एस्टीमेशन के अनुसार देश में 12,852 तेंदुए पाए गए थे। इनमें सबसे अधिक 3,421 तेंदुए (एक चौथाई) मध्यप्रदेश में गिने गए, लेकिन किस टाइगर रिजर्व में तेंदुओं की संख्या कितनी है, ये रिपोर्ट इसी सप्ताह वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को भेजी है। इस रिपोर्ट को वर्ल्ड टाइगर डे (अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस) पर आज गुरुवार को वन मंत्रालय जारी कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 51 टाइगर रिजर्व में सबसे अधिक 350 तेंदुए मप्र के पन्ना टाइगर रिजर्व में हैं। जबकि दूसरे नंबर पर प्रदेश का ही कान्हा टाइगर रिजर्व है जहां 207 तेंदुए हैं। बाघ संरक्षित क्षेत्रों में तेंदुओं के बढ़ते कुनबे की वजह दोनों प्रजातियों के बीच आपसी सामंजस्य माना जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि बाघ और तेंदुओं के बीच संघर्ष कम है इसलिए आपस में झड़प के मामले कम ही सामने आते हैं। यही वजह है कि टाइगर रिजर्व में तेंदुओं ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। कूनों सेंक्चुरी के डीएफओ पीके वर्मा के मुताबिक तेंदुआ और बाघ एक जंगल में आराम से रह सकते हैं क्योंकि दोनों में आपसी सामंजस्य स्थापित हो जाता है। मप्र में पिछले कुछ सालों में ऐसे इक्का-दुक्का ही मामले आए हैं जब तेंदुए और बाघों में संघर्ष हुआ है।

## झारखंड में जज की हत्या का मामला

# पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की अपील, सीबीआई जांच करवाएं

### पुलिस ने 3 लोग हिरासत में लिए

रांची, एजेंसी

झारखंड के धनबाद में जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश उत्तम आनंद की हत्या का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विकास सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है कि इस मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। विकास सिंह का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से लग रहा है कि यह सुनियोजित साजिश थी। फुटेज में साफ दिख रहा है कि सड़क किनारे चल रहे जज को ऑटो ने जानबूझकर टक्कर मारी है। विकास सिंह इस अपील पर सीबीआई एनवी रमना ने कहा कि इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रविरंजन से बात की है। हाईकोर्ट ने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही हाईकोर्ट में आज इस मामले की सुनवाई भी है। ऐसे में फिलहाल उन्हें ही केस हैंडल करने दीजिए, अभी हमारे दखल की जरूरत नहीं है।

वहीं, पुलिस ने जज को टक्कर मारने वाले ऑटो को बुधवार देर रात गिरिडीह से बरामद कर लिया। जांच में पता चला है कि ऑटो मंगलवार को चोरी हुआ था और बुधवार सुबह 5.08 बजे जज उत्तम आनंद को टक्कर मार दी गई। वे सुबह पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। बाद में घर से कुछ दूर पर ही वे खून से लथपथ मिले। डेढ़ घंटे के बाद कुछ युवकों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहां इमरजेंसी में घंटे भर इलाज के बाद उन्हें सर्जिकल आईसीयू में भर्ती किया गया और सुबह 9.30 बजे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में ऑटो चालक समेत दो और संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि सुबह 5:08 बजे जज उत्तम आनंद सड़क किनारे चल कर रहे थे।







## संक्षिप्त समाचार

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु पात्र कृषकों से आवेदन आमंत्रित

शिवपुरी। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2020-21 हेतु सर्वोत्तम कृषक समूह, सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में इसकी प्रविष्टियां पूर्ण कर सभी आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन विकासखण्ड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में 31 जुलाई से 31 अगस्त 2021 तक प्रस्तुत कर सकते है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के परियोजना संचालक (आत्मा) ने बताया कि जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार की राशि 25 हजार, विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राशि 10 हजार रूपए, जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार राशि 20 हजार रूपए दी जाएगी। जिले के ऐसे उन्नतशील कृषक जिनके द्वारा वैज्ञानिक तरीके से नवीन कृषि तकनीक अपनाकर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा कृषि अभियांत्रिकी में सर्वोत्तम उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। वे कृषक इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप विकासखण्ड स्तर पर संबंधित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है। ध्यान रहे ऐसे कृषक अथवा समूह जिनका गत वर्षों में चयन हुआ है, आगामी 10 वर्षों तक उनको पुरस्कार हेतु शामिल नहीं किया जा सकेगा। जिससे अन्य कृषकों/कृषक समूहों को तकनीकी अंगीकरण हेतु प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

### राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-2021 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 निर्धारित

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ÷राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों की पहचान करना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-2021 हेतु 31 अप्रैल 2021 तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई थीं। कोविड महामारी के कारण कोरोना कर्फ्यू की स्थिति में राज्य जैवविविधता बोर्ड को प्रविष्टियों प्राप्त नहीं हो पाई हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुये राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार-2021 हेतु प्रविष्टियों आमंत्रित करने की अवधि में वृद्धि करते हुए 31 जुलाई 2021 तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.mpsbb.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

### जिले में 342.08 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में 01 जून 2021 से अभीतक 342.08 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 233.73 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।

भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 309 मि.मी., बैरा? में 495.20 मि.मी., पोहरी में 337 मि.मी., नरवर में 467 मि.मी., करैरा में 313 मि.मी., पिछोर में 247 मि.मी., कोलारस में 343 मि.मी., बदरवास में 297 मि.मी. एवं खनियाधाना में 270 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# कॉलेज में नही मिलते शिक्षक छात्र होते है परेशान अभाविप ने सौंपा ज्ञापन कहा नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगा आंदोलन







शिवपुरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिवपुरी लीडिंग कॉलेज में हो रही विभिन्न समस्याओं के लेकर कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन जिसमे नगर मंत्री विवेक धाक? का कहना है कि जब छात्र छात्राएं कॉलेज में निर्धारित तिथि पर कॉपी जमा करने आते है। तो कही स्टाफ नही रहता या स्टाफ होता है तो कॉपी जमा नही होती इसी बीच कल जब छात्र एक साथ एकत्र हुए तो कॉलेज प्रशासन उस भी? को संभाल नही पाया ओर कोरोना की तीसरी लहर को नोता देने पर उतारी है साथ ही पार्किंग को लेकर भी घण्टो जाम लगता दिखता है जिसमे पूर्व में भी विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सोपा था जिसके परिणाम स्वरूप 2 साल पहले पार्किंग के दूसरे गेट की मंजूरी मिल गयी थी परंतु अब तक कार्य प्रारम्भ नही हुआ आगे जिला संयोजक मयंक राठौर ने बताया कि महाविद्यालय के सामने ही कुछ दुकान संचालित हो रही हैं जिसमें दुकानों को आगे बढ़ा कर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी वजह से बाहर घंटों तक लंबा जाम रोड पर लग जाता है नंबर दो महाविद्यालय में नाही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा रहा है और ना ही मास्क को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है, और सैनिटाइजर का तो दूर तक कोई नामोनिशान नहीं है। सभी इन लापरवाहीयों से कोरोना वायरस फैलता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिए जो स्टाफ निर्धारित किया गया है वह काफी लेट अपने काउंटरों पर बैठते हैं और समय से पूर्व ही उठ जाते हैं एवं उनका छात्र छात्राओं से भी व्यवहार काफी अभद्रता से भरा हुआ होता है। महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग से लाइन की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे कि महाविद्यालय की छात्राओं को परेशानी का सामना ना करना पड़े अतः महाविद्यालय प्राचार्य को बताना चाहता है छात्र हितो को ध्यान में रखते हुए इन सभी मांगो को यदि 3 दिन के अंदर जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो अभाविप आंदोलन करेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी । आगे छात्र निकेतन शर्मा का आरोप है कि जब हम कॉलेज में कॉपी जमा करने जाते हैं तो जिस समय तिथि के अनुसार सुबह 10ः00 से 4ः00 तक कॉपी जमा की जाती है परंतु कोई भी छात्र यदि 3ः00 के बाद आता है तो कोई स्टाफ मौजूद नहीं रहता और गांव ग्रामीण क्षेत्र से आए छात्र को परेशान होकर पुनः दूसरे दिन होना पड़ता है इन सब व्यवस्था हेतु उचित कार्यवाही की जानी आवश्यक है ज्ञापन में मुख्य रूप से जिला संयोजक मयंक राठौर नगर मंत्री विवेक धाकड़ आदित्य पाठक, प्रदुमन गोस्वामी, निकेतन शर्मा, जिला सोशल मीडिया सह प्रमुख देवेश धानुक, सह मंत्री संदीप शर्मा आदित्य राठौर महाविद्यालय प्रमुख अविनाश समाधिया रत्नेश तिवारी सचिन सारस्वत नीरज धाकड़ रमन राठौर आकाश शर्मा रोहित खटीक गौरव खटीक अभिषेक शर्मा युवराज धाकड़ आकाश गर्ग

## कैसे करें साक्षात्कार के लिए खुद को तैयार





शिवपुरी।

गुरुवार को जिला रोजगार एवं रेडिएंट ग्रुप द्वारा आज 30 जुलाई को होने वाले रोजगार मेले से पूर्व नियोजन कार्यशाला में युवाओं को रिज्यूम, बॉयोडाटा एवं सिरक्यूलम विटे के बारे में बताया गया व मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे डॉ. अवनीन्द्र कौशिक द्वारा साइकोलॉजिकल और मोटिवेशन मे बताया कि साक्षात्कार के समय धैर्य पूर्वक प्रश्नों को सुनना एवं उसके बाद उचित ज्ञात होने के वाद ही उत्तर दियें जाए साथ ही बॉडी लैंग्वेज का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। जिसमे अन्य बिशेषज्ञ अभिषेक व्यास, शुभम गर्ग, आशीष तेलंग द्वारा रिज्यूम राइटिंग, बॉयोडाटा और सिरक्यूलम विटे के बारे में पी.पी.टी के द्वारा समझाया गया जिसमे जिला रोजगार अधिकारी स्वपनिल श्रीवास्तव व रेडिएंट आई टी आई के संचालक शाहिद खान, अखलाख खान एवं रेडियंट ग्रुप का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### 31 जुलाई तक नगरीय निकायों के कर जमा करने पर अप्रैल से जून तक का नहीं लगेगा अधिभार

शिवपुरी।

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत प्रदेश के अधिकांश जिलों में अप्रैल और मई, 2021 में कोरोना कर्फ्यू व विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके कारण प्रदेश के शहरों में निवासरत नागरिकों को नगरीय निकायों के विभिन्न करों एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान समय पर करने में कठिनाई हुई है और इसके परिणामस्वरूप उक्त करों एवं उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) आदि देय हो गए हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि नागरिकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे नागरिक जो 31 जुलाई, 2021 तक नगरीय निकायों को कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 माह अप्रैल से जून, 2021 तक की अवधि के अधिभार (सरचार्ज) नहीं देने होंगे। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि इस योजना का लाभ लेने के लिये 31 जुलाई तक कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान जरूर करें।

#### नगरीय निकायों के विभिन्न करों के अधिभार में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण रोजगार-धंधे सहित अन्य क्षेत्रों में आयी गिरावट के कारण नागरिकों द्वारा नगरीय निकायों के करों एवं उपभोक्ता प्रभारों के भुगतान में कठिनाई महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इन परिस्थितियों के मद्देनजर विभिन्न करों के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया गया है।

## रोजगार मेला का आयोजन आज




शिवपुरी। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी द्वारा रेडिएंट आईटीआई कॉलेज शिवपुरी के सहयोग से युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 30 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रेडियंट आईटीआई कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, शेष वर्चुअल माध्यम से साक्षात्कार प्रक्रिया सम्पन्न करेंगे। जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में स्वाति ग्रुप, एस्कलेट टेक इंडिया, इंडिया निप्पॉन, एचआर फुटप्रिंट, कॉसमॉस मैनपावर आदि नियोक्ता 10वी, 12वी, आईटीआई, पॉलिटेक्निक (मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स) एवं बी.ई. उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित करेंगे।

## परिचय पत्र मांगने पर प्रोफ़ेसर के घर की बिजली काटी, धर्मपत्नी से अभद्रता का आरोप

### श्री राम कॉलोनी में मीटर बदलने पहुंचे अधिकारियों से आईडी मांगना महंगा पड़ा

### पूरा बिजली बिल जमा होने के बावजूद काट दी घर की सप्लाई

शिवपुरी।

शहर के श्री राम कॉलोनी क्षेत्र में निवासरत प्रोफेसर के निवास पर गुरुवार को मीटर बदलने पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों से आई कार्ड मांगना घर में अकेली उनकी धर्मपत्नी को उस समय महंगा पड़ गया जब कंपनी के सहायक यंत्री ने अपना पहचान पत्र बताने के बजाय प्रोफ़ेसर के निवास की बिजली ही काट दी। जबकि इस निवास का पूरा विद्युत बिल चुकता था। इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन को भी प्राध्यापक की धर्मपत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइंस कॉलेज में सीनियर प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रोफ़ेसर वीके जैन के निवास पर आज दोपहर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी दलबल सहित पहुंच गए । प्रोफेसर वीके जैन की पत्नी का कहना है कि उस समय उनके पति महाविद्यालय गए हुए थे और वह घर में अकेली थी जब यह लोग उनके परिसर में पहुंचे तो श्रीमती मंजू जैन ने उनसे उनका परिचय पत्र बताने की बात कही ताकि वह आश्वस्त हो सके कि संबंधित लोग विद्युत वितरण कंपनी के ही जिम्मेदार अधिकारी हैं। श्रीमती जैन का कहना है उन्होंने खुद पुराना मीटर रिप्लेस कराने की बात कही लेकिन किसी भी अपरिचित को बिना परिचय पत्र देखे प्रवेश ना करने देने की बात जरूर कहीं। उन्होंने बताया कि खुद को विद्युत वितरण कंपनी का सहायक यंत्री बताने वाले अधिकारी ने परिचय पत्र मांगे जाने की घटना पर उनके साथ अभद्रता से रिएक्ट किया और उनके घर की बिजली ही कटवा डाली। श्रीमती जैन का कहना है कि उनका अभी तक का संपूर्ण विद्युत देयक जमा है कोई देयक शेष नहीं है बावजूद इसके उनके घर की विद्युत सप्लाई मनमाने तरीके से कर डाली गई। श्रीमती मंजू जैन का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से लेकर सीएम हेल्पलाइन मैं भी इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई है अधिकारियों के व्यवहार से वह बुरी तरह व्यतीत है।

## समूह बढ़ रहे हैं आत्मनिर्भरता की ओर : आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर









शिवपुरीद्ध आयुक्त ग्वालियर संभाग आशीष सक्सेना ने गुरुवार को शिवपुरी जिले का भ्रमण किया। उन्होंने जिले के विकासखण्ड बदरवास के बारई गांव का भ्रमण किया, जहां म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों की महिलाओं के काम का अवलोकन किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके ग्राम बारई में समूह की महिलाएं जैकिट निर्माण का कार्य कर रही हैं और अन्य ग्रामों की 2500 महिलाएँ भी इस काम से जु?ी है। यह काम कैसे शुरू हुआ, इसकी मार्केटिंग तथा महीने में कितनी आय हो जाती है आदि जानकारी ली। ग्राम संगठन बारई की अध्यक्ष श्रीमती सीमा के द्वारा बताया कि आजीविका मिशन के द्वारा समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। आज जैकेट निर्माण काम से जुड़ कर प्रत्येक महिला लगभग 6 से 8 हजार रुपये कमा लेती है। महिलाओं के द्वारा जनरल स्टोर, किराना स्टोर एवं कृषि गतिविधियां आदि भी की जा रहीं है जिसका अवलोकन आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री सक्सेना के द्वारा किया गया। संभागायुक्त श्री सक्सेना ने महिलाओं से जानकारी लेते हुए कहा कि अब सहायता समूह आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं समूह की महिलाएं इसी प्रकार से सक्रिय होकर काम करें और शासन की योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने बदरवास मुख्यालय पर म.प्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के आजीविका भवन का निरीक्षण किया तथा महिलाओं के द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पादों को देखकर सराहा तथा प्रांगण में ही वृक्षारोपण भी किया। आयुक्त श्री सक्सेना ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दी एवं अन्य योजनाओं से लाभ लेने के लिये कहा। भ्रमण के दौरान ग्राम बारई में खाद्यान्न एवं बिजली की समस्या प्राप्त हुई जिसके निराकरण हेतु मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम लुकवासा में स्कूल के समीप तैयार किये जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया तथा वृक्षारोपण भी किया। कोलारस में शासकीय महाविद्यालय में जन सहयोग से तैयार किये गये आदर्श क्लासरूम का निरीक्षण किया जहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को पढ़ाया जाएगा। भ्रमण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अरविंद भार्गव, कार्यपालन यंत्री आरईएस राजीव पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ऑफीसर सिंह गुर्जर, तहसीलदार कोलारस एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपदा सहायता राशि से वंचित पंजीकृत निर्माण श्रमिक इन स्थानों पर संपर्क करें

शिवपुरी।

कोविड-19 (कोरोना) के समय हुए लॉकडाउन में वर्ष 2020 में दो बार एवं वर्ष 2021 में एक बार आपदा सहायता राशि मुख्यमंत्री द्वारा वन क्लिक के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों बैंक खाते मे डाली गई है। जिन श्रमिकों को उक्त राशि प्राप्त नहीं हुई है, वे संबंधित नगर पालिका, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क करें। श्रम पदाधिकारी एस.के.जैन ने बताया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खाते में यह राशि नहीं पहुंची है वह अपनी पासबुक के साथ और यदि पंजीयन के समय दिया खाता क्रमांक बन्द हो गया है, तो नई चालू खाते की पासबुक के साथ नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका एवं संबंधित नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए अपनी क्षेत्रीय मुख?य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से संपर्क स्थापित करें और शासन द्वारा आपदा सहायता राशि प्राप्त करें।

# अटेर रोड बेटी बचाओ चौराहे के पास पत्थर टाल का अवैध अतिक्रमण प्रशासन ने हटवाया

**सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा, अब होगी नाले की सफाई मिलेगी लोगों को राहत**

**सवान शुरु होते ही बरसात के कारण जलभराव से बिगड़ रह शहर के हालात, इसलिए अफसर, आनन-फानन में नालों का मलवा निकलवाने में जुटे**





भिण्ड। शहर में विगत दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नाले-नालियां उफान मार रही है और हर तरह जलभराव से हालात बिगडने लगे तो अफसरों के हाथ-पांव फूलने लगे हैं इसलिए एक नाले पर तीन से चार जेसीबी मलवा निकालने के लिए जुट गये है। शहर के कॉटनजीन में भरे बरसात को पानी को निकालवाने के लिए प्रशासनिक अमले ने अटेर रोड बेटी बचाओ चौराहे के पास गुरुवार को पहुंचकर नाले के ऊपर व्यापार कर रहे पत्थर टाल का अवैध अतिक्रमण हटवाया और नाले की जेसीबी मशीन से साफ सफाई करायी। विगत वर्षो से नाले के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था और नाले की सफाई न होने की बजह से बरसात का पानी भी निकलने में काफी परेशानी हो रही थी अब नाले की सफाई होने से जनता को राहत मिलेगी। इसी तरह लहार चुंगी कलेक्ट्रेट के सामने भरे बरसात के पानी को निकालने के लिए सभी नालों की साफ-सफाई करायी अब प्रशासन जल भराव से निपटने के लिए दिनरात एक करने में लगा हुआ ताकि आगे भी अगर इसी तरह की बरसात होती है तो शहर में जलभराव के हालात न बने।

### यहां पर कराया अतिक्रमण से नाला मुक्त

शहर के अटेर रोड बेटी बचाओ चौराहे के पास पत्थर टाल के एक व्यापारी ने नाले के लिए अवैध अतिक्रमण कर रखा था, जिस कारण नाले की सफाई नहीं हो पा रही थी, जब भी नगर पालिका अमला सफाई करने के लिए पहुंचता तो दबंग अतिक्रमण कारी नाला साफ नहीं होने दे रहा था तो फिर स्वयं कलेक्टर, एसडीएम सहित बड़ी संख्या में फोर्स लेकर पहुंचे और नाले से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। जिसके बाद नगर पालिका की जेसीबी ने नाला साफ किया, अब कॉर्टनजीन में जलभराव से राहत मिलने की उम्मीद दिख रही है।

### शहर के गली-मोहल्ले में देखी सफाई व्यवस्था

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने स्वच्छता सर्वेक्षण के चलते एवं जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु शहर की गली-मोहल्ले में घूमकर नाले-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए, बेटी-बचाओ चौराहा पर पत्थर टाल अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर नाला बनवाया जा रहा है। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम उदयसिंह सिकरवार सहित नगरपालिका अमला उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल बिस्की के 25 पाउच जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के कीरतपुरा रोड पर आईपीएस स्कूल के सामने एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से शराब की जब्ती की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिपांशु पुत्र रविन्द्रसिंह भदौरिया निवासी कीरतपुरा जो क्षेत्र के कीरतपुरा रोड पर आईपीएस स्कूल के सामने 5 लीटर (25 पाउच) रॉयल बिस्की के बिक्री कर रहा था, जिसकी कीमत 2500 रुपये बतायी जा रही है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक से 90 हजार रुपये की ठगी

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 3 ग्राम कचनाव में एक युवक से शादी कराने के एवज में ठगों ने 90 हजार रुपये ठगी कर वारदात को अंजाम दिया और रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोनू पुत्र रमेशचन्द्र जैन निवासी वार्ड क्र.3 मिश्रा कचनाव रोड ने बताया विगत 25 जुलाई 2021 की शाम 5 बजे से 27 जुलाई 2021 रात्रि तक उससे 90 हजार रुपये शादी कराने का झांसा देकर ठग लिये, जिसके बाद उन्होंने शादी नहीं करायी और रुपये लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### हिस्सा बटवारे को लेकर दो सगे भाईयों में चले लात-घूंसे

भिण्ड। मिहोना थाना क्षेत्रान्तर्गत घर के हिस्सा बटवारे को लेकर दो सगे भाईयों में झगड़ा हो गया और एक दूसरे जमकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर गये और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 5 बजे अजयसिंह पुत्र आदित्य बाबू परिहार ने बताया उसका सगा भाई अनुज के साथ राज निवासी गार, सुमित निवासी गार जालौन उप्र हिस्सा बटवारे को लेकर विवाद करने लगे और मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के अनुज पुत्र आदित्य बाबू ने भी अपने भाई अजय पुत्र आदित्य बाबू, सहयोगी आंशू निवासी कौचलाना जालौन उप्र ने भी उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन




मेहगांव। जनपद पंचायत मेंहगांव में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन मे गुरूवार को अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया ह। साथ ही स्थानीय नगरीय आवास एवं विकास राज्य मंत्री ओपीएस भदोरिया को ज्ञापन सौंपा जिस पर राज्य मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण पंचायत विकास मंत्री से इन मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए मांगों को निराकृत करने का अनुरोध किया इस आंदोलन के अंतर्गत प्रदेश के 18 संगठन आंदोलन गलत है जिनमें मुख्य रुप से ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक, ए डी ई ओ संगठन ,एन आर एल एम ,वाटर सेट, कंप्यूटर ऑपरेटर, पीएम आवास, स्वच्छ भारत जैसे प्रमुख संगठन शामिल है 18 संगठनों के प्रतिनिधियों ने मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश भर में आंदोलन छेड़ा हुआ है एवं मांगे पूरी ना होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है संयुक्त मोर्चा आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है जब तक सभी विभागों की मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इन संगठनों की हड़ताल के कारण ग्राम पंचायत स्तर के सभी कार्य जैसे कि पीएम आवास मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे सभी काम अधर में लटक गए ।

# एक पेड़ सौ यज्ञ समान आदित्य पूरी : महंत रामदास जी



### पर्यावरण के लिए बारह वर्षो से कार्य कर रही श्रीमानेश्वर शाखा हमीरपुरा

भिण्ड। श्री मानेश्वर शाखा द्वारा आज लहार जनपद की ग्राम पंचायत काथा में श्री महादेव मंदिर आश्रम पर 101 फलदार पौधे रोपे जिसमें आम, कटहल, जामुन, चीकू, अमरूद के पौधे लगाएं गये। जिससे मुख्य अतिथि पूज्य युवा संत श्री श्री 108 आदित्य पुरी महाराज, महंत रामदास जी महाराज, विशिष्ट अतिथि शिव नारायण दास जी महाराज पर्यावरण प्रेमी राजबल सिंह, सत्येंद्र सिंह, शेरू राजावत, पहलाद सोनी, मोनू कुशवाहा, सूजल सोनी, कान्हा नरवरिया,शिवा नरवरिया, दिनेश परिहार, सत्यप्रकाश बाल्मीक, गोविंद भदौरिया आदि महानुभाव सम्मिलित हुए और सभी ने अपने-अपने पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजक रामराज पुरोहित व उनकी श्रीमानेश्वर साखा हमीरपुरा का इस वर्ष 3100 पौधे लगाने का लक्ष्य है,जो समाज के सहयोग से विगत वर्ष (2101पौधे लगाएं थे)की भांति गत वर्ष भी पूर्ण किया जायेगा। मुख्य अतिथि आदित्य पुरी महाराज जी ने कहा पेड़ हमें छाया,फल, लकड़ियां और अनमोल आक्सीजन प्रदान करते हैं वृक्ष कभी अपने फल नहीं खाते महाराज जी ने कहा कि हम अपने जीवन काल में कम से कम पांच पौधे अवश्य ही लगाएं तो निश्चित ही आने वाले समय में अपने गाँवो का पर्यावरण स्वच्छ और निर्मल बनेगा। हमारे भारत की संस्कृति ने पर्यावरण की प्राचीन समय से ही पूजा की है। आज आवश्यकता है कि हम अपने पर्यावरण की चिंता करें उसका संरक्षण करें।

# जिला न्यायालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण का हुआ आयोजन



भिण्ड । अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के मार्गदर्शन में ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में जिला चिकित्सालय भिण्ड के सहयोग से कोरोना महामारी से बचाव हेतु कोविड-19 टीकाकरण का आयोजन किया गया। उपरोक्त टीकाकरण कार्यक्रम में भिण्ड के अभिभाषकगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, उनके परिवारजन एवं आमजन द्वारा कोविड-19 से बचाव हेतु वैक्सीनेशन का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाया गया। उक्त कोविड-19 टीकाकरण में कुल 164 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिण्ड के द्वारा कोविड-19 बचाव हेतु विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का भी आयोजन कर उक्त वैक्सीनेशन हेतु आये हुए समस्त व्यक्तियों को कोरोना के बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश व विधिक प्रावधानों की जानकारी दी एवं शासन की गाईडलाइन के पालन किये जाने की भी समझाईस दी गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा लीड बैंक सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के साथ सयुक्त रूप से वित्तीय साक्षरता एवं ऑनलाईन फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी पी.के. सबन वित्तीय साक्षरता प्रभारी सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने शहर में जल भराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**बेटी बचाओं चौराहे पर अवैध पत्थर टाल एवं हाऊसिंग कॉलोनी में नाले नालियों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की**



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने वर्षा से जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु शहर की घूमकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बेटी बचाओ चौराहा पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर पत्थर टाल को हटाने की कार्यवाही कर नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया एवं हाउसिंग कॉलोनी में नालियों पर बने अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, सीएमओ नपा सुरेन्द्र शर्मा सहित नगर पालिका अमला उपस्थित रहा। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने भिण्ड शहर के वार्ड क्रमांक 11 में वर्षा के कारण हुए जल भराव का निरीक्षण किया। साथ ही तत्काल जल भराव की निकासी की व्यवस्था कर समस्या का निराकरण के संबंध में नगर पालिका अमले को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शास्त्री नगर कॉलौनी में निरीक्षण कर देखा कि घरों के बाहर नाले को बंद किया है कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तत्काल नाले को खोला जायें ओर अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिए साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जल भराब की समस्या के निराकरण में यदि कोई व्यक्ति अड़चन डाल रहा है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायें।

### जन्मदिन के अवसर पर बरासो जैन मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण

भिण्ड। भगवान महावीर स्वामी की समवसरण स्थली अतिशय क्षेत्र बरासो जैन मंदिर परिसर टीले वाले मंदिर में जिला पंचायत सीईओ जेके जैन की बेटी अनीषा जैन ओर अनमोल जैन के जन्म दिवस के अवसर पर 29 जुलाई दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे परिवार द्वारा 21 बृक्षों का बृक्षारोपण कर ट्री गार्ड लगाए साथ ही भगवान महावीर स्वामी के दर्शन किये। इस अवसर पर शशिवाला जैन, शुशीला जैन, गीता जैन, रेणु जैन, नीतू जैन, अनिता जैन, अनाहिता जैन, अनीषा जैन, दिव्यांश जैन, गौरव जैन, कार्तिक जैन, अनुज जैन, मनोज जैन, आदि बड़ी संख्या में मंदिर कमेटी के लोग उपस्थित थे।

# 11 महीने से गुम बालक को थाना देहात पुलिस द्वारा दूंढकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया



भिण्ड। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना देहात पुलिस द्वारा 15 जुलाई 2020 से अभी तक 05 नाबालिग बालक / बालिकाओं व 04 बालिग महिला / पुरूषों को ढूंढकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया जिस तारतम्य में 22 अगस्त 2020 को फरियादी अनिल राजावत पुत्र श्यामसुन्दर राजावत उम्र 25 साल निवासी पार्क मोहल्ला भिण्ड की रिपोर्ट पर से अप0क्रं0 497 / 20 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना गुम बालक की तलाश हर संभावित स्थानों फोटो दिखाकर की गयी लेकिन उक्त गुम बालक का कोई पता नहीं चला लेकिन पुलिस द्वारा गुम बालक की पतारसी की लगातार प्रयास जारी रहने के बाद आज 29 जुलाई 2021 को 11 महीने से लापता बालक विष्णु राजावत उम्र 12 साल नि0 पार्क मोहल्ला भिण्ड को ढूंढकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया जाकर सराहनीय कार्य किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी रामबाबू सिंह यादव सउनि बृम्हानन्द कौशल आर ज्ञानेन्द्र मिश्रा, आर लोकेश जाट आर मदन गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही एंव पुलिस लाईन भिण्ड में पदस्थ आर लोकेश जाट आर मदन गोपाल के अथक प्रयासों से गुम बालक की दस्तयाबी हुयी है उक्त आरक्षकों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा उचित पुरूस्कार की घोषणा की गयी।

# विश्व बाघ दिवस पर संगोष्ठी आयोजित


### विलुप्त हो रहे बाघों की संख्या में बढ़ा ग्राफ




भिण्ड। एक समय देश में विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी बाघों की संख्या आज देश में तेजी से बढ़ रही है। बाघों को संरक्षण देने और उनकी प्रजाती को विलुप्त होने से बचाने के लिए विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। दुनियाभर में 29 जुलाई के दिन विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है. बाघ भारत के राष्ट्रीय पशु है जिसके बावजूद भारत में साल 2010 में बाघ विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए थे। इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए एम.जे.एस. शासकीय स्नातक-महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के द्वारा विश्व टाइगर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी आभास अस्थाना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के जरिए लोगों को बाघ के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके अलावा लोगों को पारिस्थितिक तंत्र में बाघों के महत्व को भी बताया जाता है. जिसका परिणाम यह है कि देश में तेजी से बाघों की संख्या बढ़ रही है। साल 2010 में की गई गणना के मुताबिक बाघों की संख्या 1706 थी, वहीं साल 2018 की गणना के अनुसार देश में बाघों की संख्या बढ़कर 2967 हो गई है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.ए. शर्मा ने बताया कि फिलहाल देशभर में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ने के साथ ही उनके ऑक्युपेंसी एरिया भी बढ़ रहा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में केरल, उत्तराखंड, बिहार और मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. बता दें कि देशभर में बाघों की जनगणना हर चार साल में होती है। जिससे उनकी ग्रोथ रेट का पता लगाया जाता है। साल 1973 में देशभर में मात्र 9 टाइगर रिजर्व ही थे, जिसकी संख्या अब बढ़कर 51 हो गई है। इस अवसर पर एल्युमिनियम छात्र सौरव सिंह खंडेलवाल, स्वयंसेवक हेमंत कुमार, अश्विनी, वर्षा चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक आदित्य दुवे ने किया।

# संगठित होकर वैक्सीन लगवाने के लिए जनता को करें जागृत : नरेंद्र

### भाजपा के मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



भिण्ड। कोरोना जैसी महामारी के दौर में प्रदेश और देश की सरकार ने लगातार जनहित को ध्यान में रखते हुए योजनाऐं बनाई और मानवता की रक्षा के लिए कार्य किया है। ऐसे में हम भाजपा कार्यकर्ताओं को भी कोविड 19 से बचाव के लिए आम जनता को अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए जागरुक करने को लेकर कार्य करना है। यह बात पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने गुरुवार को भाजपा द्वारा आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग में सुभाष मण्डल के वर्ग शिविर के अवसर पर कही। सुभाष मण्डल के वर्ग शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा कोविड.19 के झूठे आंकड़ों प्रस्तुत कर जनता को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। क्योंकि कांग्रेसी झूठ का सहारा लेकर पीएम मोदी और शिवराज सिंह को पर लगातार आरोप लगा रहे हैं, जिसमें कतई सच्चाई नही है। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार लगातार नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कार्य कर रही है।

## बसवराज की ताजपोशी

कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के रूप में बसवराज बोम्मई ने कमान संभाल ली है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने बोम्मई को पद की शपथ दिलाई। 28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज सोमप्पा बोम्मई अब तक कर्नाटक के गृह, कानून, संसदीय मामलों के मंत्री थे। उनके पिता एसआर बोम्मई भी राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट बसवराज ने जनता दल के साथ राजनीति की शुरुआत की थी। वे धारवाड़ से दो बार 1998 और 2004 में कर्नाटक विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद वे जनता दल छोड़कर 2008 में भाजपा में शामिल हो गए। इसी साल हावेरी जिले के शिगगांव से विधायक चुने गए। इंजीनियर और खेती से जुड़े होने के नाते बसवराज को कर्नाटक के सिंचाई मामलों का जानकार माना जाता है। राज्य में कई सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू करने की वजह से उनकी तारीफ होती है। उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में भारत की पहली 100 फीसदी पाइप सिंचाई परियोजना लागू करने का श्रेय भी दिया जाता है। कर्नाटक के गृह मंत्री बसवराज बोम्मई येदियुरप्पा के चहेते और उनके शिष्य हैं। येदियुरप्पा ने इस्तीफा देने से पहले ही बोम्मई का नाम भाजपा आलाकमान को सुझा दिया था। दरअसल, लिंगायत समुदाय के मठाधीशों के साथ हुई बैठक में येदियुरप्पा ने अपनी तरफ से इस नाम को उन सबके बीच रखा था। कर्नाटक के मशहूर लिंगेश्वर मंदिर के मठाधीश शरन बसवलिंग ने संकेत दिया था कि अगर येदियुरप्पा एक इशारा करते, तो पूरा समुदाय उनके लिए भाजपा के विरोध में उतर आता। चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ती, लेकिन खुद येदियुरप्पा ने बसवराज बोम्मई की हिमायत की। लिंगायत समुदाय के होने की वजह से उनके नाम पर सभी मठाधीश जल्दी राजी हो गए। येदियुरप्पा को सीएम पद से इस्तीफा न देने के लिए अड़े लिंगायत समुदाय के सामने येदियुरप्पा ने जब बोम्मई के नाम का सुझाव रखा, तब जाकर भाजपा का विरोध रुका। दसअसल, लिंगायत समुदाय नहीं चाहता था कि येदियुरप्पा इस्तीफा दें। बसवराज बोम्मई के अलावा मुर्गेश निरानी और अरविंद बल्लाड के नाम भी चर्चा में रहे। तीनों ही लिंगायत समुदाय से आते हैं, लेकिन बसवराज बोम्मई येदियुरप्पा के करीबी ही नहीं, उनके शिष्य भी माने जाते हैं। इसके अलावा वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में भी काफी लोकप्रिय हैं। माना जाता है कि संघ और येदियुरप्पा के बीच की कड़ी के रूप में इन्होंने ही काम किया। येदियुरप्पा से संघ के बिगड़े रिश्तों का असर येदियुरप्पा के कामकाज पर न पड़े इसमें भी बड़ी भूमिका बोम्मई ने निभाई। येदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद दरअसल, भाजपा को कर्नाटक में तीन कोण साधने थे। पहला पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, दूसरा लिंगायत समुदाय और तीसरा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ। दरअसल, येदियुरप्पा लिंगायत समुदाय के हैं। संघ की पृष्ठभूमि के भी हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा से निष्कासित होने के बाद उनके और संघ के शीर्ष नेतृत्व के संबंधों के बीच दरार आ गई थी। संघ कभी नहीं चाहता था कि येदियुरप्पा भाजपा में वापस आएं, लेकिन 2013 के चुनाव में बिना येदियुरप्पा के भाजपा को मुंह की खानी पड़ी। लिहाजा भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने येदियुरप्पा को वापस बुला लिया। कर्नाटक की आबादी में लिंगायत समुदाय की हिस्सेदारी 17 फीसदी के आसपास है। राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से तकरीबन 90-100 सीटों पर लिंगायत समुदाय का प्रभाव है। ऐसे में भाजपा के लिए येदि को हटाना आसान नहीं था। उनको हटाने का मतलब था, इस समुदाय के वोट खोने का खतरा मोल लेना। लेकिन अब बोम्मई के सहारे भाजपा लिंगायतों को साधे रख सकेगी। और येदियुरप्पा को संगठन और सरकार से दूर।

# कहीं भारी ना पड़ जाए लापरवाही

**रमेश सर्राफ धमोरा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन व दुनिया के बड़े वैज्ञानिक व चिकित्सा विशेषज्ञ सभी देशों को लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वह अपने यहां लगाई गई पाबंदियों में ढील ना दे। दुनिया भर में जल्दी ही कोरोना की तीसरी लहर आने वाली है। कई देशों में तो कोरोना की तीसरी लहर प्रारंभ भी हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरी लहर में कोरोना का वायरस पहले से ज्यादा प्रभावी होगा। जिसके बड़े दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, रूस समेत कई बड़े देशों में कोरोना के बढ़ते आंकड़े भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। दुनिया भर में कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के बावजूद जिस तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि कोरोना की तीसरी लहर शुरू हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार लोगों को चेता रहे हैं कि बेवजह घरों से निकलकर अनावश्यक भीड़भाड़ इकठ्ठी ना करें। प्रधानमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों पर उमड़ रही पर्यटकों की भीड़ पर भी नाराजगी जताते हुए उन राज्य सरकारों को चेताया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक एकत्रित होकर कोरोना गाइडलाइन की पालना भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वे स्वयं व घर आकर अपने परिवार के लोगों को भी संक्रमित करेंगे। इससे बचने का एकमात्र उपाय है अपने घरों पर ही रहे। कोरोना वायरस की दूसरी लहर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। इसी बीच कई राज्यों से नए मामले बढ़ने की खबरें सामने आने लगी है।

केरल में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में केरल सरकार की ओर से बकरीद पर लॉकडाउन में ढील दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई व जमकर फटकार लगाते हुए कहा यह अफसोस की बात है कि राज्य सरकार व्यापारी संगठनों के दबाव में आ गई। उन इलाकों में भी दुकान खोलने की अनुमति दी जहां कोरोना दर 15 फीसदी से अधिक है और लोगों की जान को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल सरकार ने बकरीद के अवसर पर इस तरह की छूट देकर देश के नागरिकों के लिए राष्ट्रव्यापी महामारी के जोखिम को बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अगर बकरीद के लिए राज्य द्वारा दी गई ढील से कोविड-19 का और प्रसार होता है तो वह कार्रवाई करेगा।



कोरोना की दूसरी लहर के बाद किए गए सीरो सर्वे में देश के 68 फीसदी लोगों में एंटीबॉडी पाई गई है। इसमें वो लोग भी शामिल हैं जिन्हें टीका लगाया जा चुका है। इसके बावजूद प्रतिदिन नये कोरोना मरीजों के आंकड़ों का 40 हजार के आसपास रुक जाना किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि कोरोना के आंकड़े जिस तरह से स्थिर हो गए हैं। उसे देखने के बाद संभावना है कि आंकड़ों में बहुत जल्दी बढ़ोत्तरी देखने को मिले। देश के 13 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा के अलावा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में जिस तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं वो डराने वाले हैं।

देश में अभी प्रतिदिन 40 हजार कोरोना के नए केस मिल रहे हैं। जबकि देश में पहली बार संपूर्ण लाकडाउन लगा था तब मात्र पचासी कोरोना पॉजिटिव केस मिले थे। उस से तुलना करें तो वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। देश में अभी तक तीन करोड़ नौ लाख के करीब कोरोना पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। जिनमें से तीन करोड़ पांच लाख यानी 99 प्रतिशत कोरोना पॉजिटिव केस रिकवर हो चुके हैं। वही 4 लाख 20 हजार लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है जो एक प्रतिशत है। देश में अभी तक कोरोना के 35 करोड़ नमूने लेकर उनकी जांच की जा चुकी है। वर्तमान में भी प्रतिदिन 17 से 18 लाख कोरोना के नमूनों की देश में जांच की जा रही है।

देश में इस समय सबसे अधिक कोरोना पॉजिटिव केस केरल में मिल रहे हैं। केरल में एक दिन में 17 हजार 481 पाजिटिव केस, महाराष्ट्र में 8 हजार 159 केस, आंध्र प्रदेश में 2 हजार 527 केस, ओडिशा में एक हजार 927 केस, तमिलनाडु में एक हजार 891 केस, कर्नाटक में एक हजार 639 केस, असम में एक हजार 547 केस, मणिपुर में एक हजार 327 केस, पश्चिम बंगाल में 869 केस, तेलंगाना में 691 केस, मिजोरम में 625 केस, मेघालय में 558 केस, अरुणाचल प्रदेश में 418 केस, त्रिपुरा में 253 केस, सिक्किम में 251 केस, नागालैंड में 105 पॉजिटिव केस एक दिन में मिले हैं। देश में मिले कुल पॉजिटिव केसो में से 90 प्रतिशत केस इन 16 प्रदेशों में मिल रहे हैं।

पूर्वोत्तर के आठ प्रदेशों में कोरोना पॉजिटिव केसों में एकाएक बढ़ोतरी होना बड़ी चिंता का विषय है। कोरोना की पहली लहर में पूर्वोत्तर के आठ प्रदेश कोरोना से ज्यादा प्रभावित नहीं हुए थे। मगर इस बार वहां कोरोना का काफी प्रभाव देखने को मिल रहा है। अभी देश में कोरोना से प्रतिदिन होने वाली मौत का आंकड़ा 500 से अधिक है। कोरोना की दूसरी लहर गुजर जाने के बाद भी लगातार 40 हजार से अधिक पॉजिटिव केसों का मिलना व 500 लोगों की प्रतिदिन मौत पर काबू नहीं हो रहा है। ऐसे में यदि कोरोना की तीसरी लहर आ जाती है तो स्थिति एक बार फिर बिगड़ सकती है।

कोरोना दूसरी लहर में पूरे देश ने देखा था कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार पूरी तरह फेल हो गई थी। देश में ऑक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा था। यहां तक कि पानी के जहाजों से विदेशों से भी ऑक्सीजन मंगवानी पड़ी थी। दूसरी लहर के बाद देश के सरकारी व निजी अस्पतालों में तेजी से ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाए जा रहे हैं जो काफी नहीं है। ऑक्सीजन के मामले में महाराष्ट्र सबसे पहले आत्मनिर्भर होने वाला राज्य बना है। देश के अन्य राज्यों को भी ऑक्सीजन उत्पादन के क्षेत्र में महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करना चाहिए।

देश में अभी कोरोना की तीन वैक्सीन उपलब्ध है जो पर्याप्त नहीं है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोशिल्ड ही बड़ी मात्रा में उत्पादित हो रही है। भारत बायोटेक की कोवैक्सीन का उत्पादन अभी बहुत कम है। रूस की स्पुतनिक वी अभी कम संख्या में ही आयात की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वैक्सीन ही कोरोना का सबसे बड़ा बचाव का साधन है। मगर सरकार पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। देश में मात्र 42 करोड लोगों को ही अभी तक वैक्सीन की एक डोज लगाई गई है।

कोरोना नियंत्रण की दिशा में महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु ने अभी तक लॉकडाउन के दौरान की गई पाबंदियों को पूरी तरह नहीं हटाया है। इस कारण वहां कोरोना नियंत्रण में बड़ी सफलता मिली है। पर्वतीय राज्य उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारें होटल मालिकों के दबाव में पर्यटकों को लुभाने के लिए कोरोना गाइडलाइन की पालना नहीं करवा पा रही है। जो पूरे देश के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। देश के लोगों को अभी भी कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करना चाहिए। ताकि सभी देश वासियों के सहयोग से कोरोना को मात दी जा सके।

# राज्यपाल सुश्री उइके के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण

**सनत कुमार जैन**

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बतौर कल 29 जुलाई को दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन दो वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता को यह महसूस हुआ कि राजधानी रायपुर में स्थित राजभवन हम सब आम जन के लिए खुला है। राज्य की संवैधानिक मुखिया की संवेदनशीलता एवं सहजता की चर्चा बस्तर के आदिवासियों से लेकर बलरामपुर जिले के गांव करकली के रहवासियों में भी होती है। एक ओर जहां सुश्री उइके आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण की बात करती हैं, वहीं दूसरी ओर स्वतः संज्ञान लेकर मीडिया के जरिए प्राप्त समाचार से गांव करकली के एक दिव्यांग बेटी शशिप्रभा का इलाज कराने के लिए भी तत्पर रहती हैं। उनकी सहजता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है, जब उन्होंने एक युवा कलाकार को उसके आग्रह पर मोबाईल फोन से 'सेल्फी' भी लेने दी।

विश्व की सबसे भयावह महामारी कोरोना के संक्रमण के दौरान उन्होंने आम जनता की सहायता के लिए भरसक प्रयास किए और समय-समय पर जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। कोरोना योद्धाओं की हमेशा हौसला अफजाई की और उस दौरान अन्यत्र जगहों पर फंसे हुए विद्यार्थियों, श्रमिकों को उनके घर वापस भेजने के लिए प्रयास किए। कुलाधिपति के नाते उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कोरोना के संबंध में, विद्यार्थियों के जरिए जनता में जागरूकता लाने के लिए भी निर्देश दिए। विद्यार्थियों को इस दौरान भी शिक्षा मिलती रहे इसके भी उपाय करने के निर्देश दिए। वे युवाओं को भी सकारात्मक रहने और लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान करती हैं। उनका मानना है कि मंजिल पाने के लिए पहले लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।



दंतेवाड़ा बस्तर प्रवास के दौरान उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलकर उनके पुनर्वास हेतु विशेष प्रयास करने का भरोसा दिलाया था। साथ ही दंतेश्वरी महिला कमांडो से भी भेंटकर नक्सली उन्मूलन में उनकी भूमिका की सराहना की। दंतेवाड़ा के जावंगा स्थित सक्षम परिसर में दिव्यांग बच्चों से काफी सहजता से मिली।

सुश्री उइके स्वयं काफी संघर्षों से इस मुकाम तक पहुंची हैं। एक महिला होने के नाते उन्होंने यह महसूस किया है कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं का स्वसहायता समूह के जरिए आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। वनवासी क्षेत्रों के रहवासियों को उनके वनोपजों एवं उत्पादों की मार्केटिंग सही तरीके से हो इस दिशा में भी उनका प्रयास रहता है। वे महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों को और मजबूत करने की पक्षधर रही हैं, ताकि सभी महिलाओं को न्याय मिल सके।

सुश्री उइके को इतने कम समय में ही छत्तीसगढ़ के लोगों से विशेष लगाव हो गया है। वे यहां के लोगों की सहजता और सरलता की कायल हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ी बोली में भी खास मिठास लगती है। जनजातियों की संस्कृति, बोली-भाषा एवं नृत्य-संगीत को संरक्षित करने की भी आवश्यकता पर जोर देती रही हैं। अति पिछड़ी जनजाति के युवाओं की शासकीय सेवाओं में भर्ती के संबंध में उनके निर्देश पर कार्यवाही हुई। उन्होंने बचपन से ही देखा है कि आदिवासी समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही हर कार्य करते हैं। वे आदिवासी युवाओं को समझाईश देती हैं कि उन्हें अपने समाज की संस्कृति, परंपराओं के गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना चाहिए। आदिवासियों के हित की बात वे बस्तर से लेकर नई दिल्ली तक भी करती रही हैं। राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली की सुविधाओं के लिए अलग बजट का प्रावधान करने एवं सरगुजा और बस्तर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने का आग्रह किया। उनकी पहल से ट्राईफेड द्वारा जगदलपुर में दो नए ट्राईब्स इंडिया बिक्री केन्द्र शुरू हुए। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों की लंबित छात्रवृत्ति जारी करने के संबंध में निर्देश दिए थे, जिस पर वन विभाग ने त्वरित कार्यवाही की।

# संसदः पक्ष और विपक्ष का अतिवाद

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

संसद का यह वर्षाकालीन सत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण होना था लेकिन वह प्रतिदिन निरर्थकता की ओर बढ़ता चला जा रहा है। कोरोना महामारी, बेरोजगारी, अफगान-संकट, भारत-चीन विवाद, जातीय जनगणना आदि कई मुद्दों पर सार्थक संसदीय बहस की उम्मीद थी लेकिन पेगासस जासूसी कांड इस सत्र को ही लील गया है। पिछले लगभग दो सप्ताह से दोनों सदनों का काम-काज ठप्प है। दोनों सदन अनवरत शोर-शराबे के बाद रोज ही स्थगित हो जाते हैं। संसद चलाने का एक दिन का खर्च 44 करोड़ रु. होता है। लगभग 500 करोड़ रु. पर तो पानी फिर चुका है। ये पैसा उन लोगों से वसूला जाता है जो दिन-रात अपना खून-पसीना एक करके कमाते हैं और सरकार का टैक्स भरते हैं। ऐसा लगता है कि संसद का सत्र चलाने की परवाह न तो सरकार को है और न ही विपक्ष को ! दोनों अपनी-अपनी टेक पर अड़े हुए हैं। ये शायद अड़ते नहीं लेकिन पेगासस जासूसी का मामला अचानक ऐसा उभरा कि पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के खिलाफ तलवारें भांजने लगे। क्या विपक्ष के लोगों को पता नहीं कि जासूसी किए बिना कोई सरकार क्या, कोई परिवार भी नहीं चल सकता? वे खुद जब सत्ता में थे तो क्या वे जासूसी नहीं करते थे ? क्या कांग्रेसी शासन में उसके वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने अपने दफ्तर में ही जासूसी यंत्र लगे होने की शिकायत नहीं की थी? देश के प्रांतों में चल रही विरोधी दलों की सरकारें क्या जासूसी नहीं करतीं ? लेकिन जासूसी के मुद्दे पर संसद में बहस की मांग बिल्कुल जायज है और सरकार को यह बताना होगा कि फलां-फलां आदमी की जासूसी वह क्यों करती थी ? यदि उसने जानबूझकर या गलती से देश के कुछ निरापद और महत्वपूर्ण लोगों की जासूसी की है या उसके अफसरों ने उस सूची में कुछ मनमाने नाम जोड़ लिये हैं तो वह सार्वजनिक तौर पर क्षमा क्यों नहीं मांग लेती है ? जासूसी के मामले को वह जितना छिपाएगी, उसकी चादर उतनी ही उघड़ती चली जाएगी लेकिन विरोधी दलों को भी सोचना चाहिए कि यदि वे संसद को चलने ही नहीं देंगे तो जासूसी का यह मामला आया-गया-सा ही हो जाएगा। वे संसद का सत्र बाकायदा चलने क्यों नहीं देते ? वे प्रश्न पूछ सकते हैं, स्थगन-प्रस्ताव और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव ला सकते हैं। वे बीच में हस्तक्षेप भी कर सकते हैं। विरोधी दल इस मुद्दे पर एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सांसदों से कह रहे हैं कि वे विरोधियों की पोल खोलें।

इसका अर्थ क्या यह नहीं हुआ कि हमारे देश के सभी राजनीतिक दल सतही राजनीति में उलझ रहे हैं और संसद-जैसे लोकतंत्र के प्रकाश-स्तंभ की रोशनी को धुंधला करते चले जा रहे हैं ?

## साधना और सुविधा

*आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साथ उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं, उस सीमा में सहज रूप से कोई सुविधा प्राप्त होती हो तो उसका उपयोग सम्मत है। जैन साधना पद्धति में शरीर को साधने का विधान तो है, पर उसे कष्ट देना कभी अभीष्ट नहीं है।*

# जासूसीः 'वॉटरगेट' की याद

**ओमप्रकाश मेहता**

सरकारी झूंठ के सामने सफेदी शरमाये....!

आज देश के राजनीतिक समंदर में जासूसी का ऐसा ज्वार आया है, जो कभी भी तूफान बनकर मौजूदा केन्द्र सरकार के अब तक के सद्प्रयासों को डुबो सकता है, इस इजराईली पेगासस जासूसी काण्ड ने आज से बावन साल पहले (1969) अमेरिका में हुए 'वॉटरगेट काण्ड' की यादें ताजा कर दी है, उस समय अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने चुनाव जीतने के लिए प्रतिपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं की जासूसी करवाई थी, आज हमारे देश में भी उसी अमेरिकी जासूसी काण्ड की पुनरावृत्ति होती नजर आ रही है यहाँ मौजूदा मोदी जी की केन्द्र सरकार पर आरोप है कि उसने इजराईल की जासूसी कम्पनी पेगासस से गुप्त अनुबंध कर के न सिर्फ प्रतिपक्षी दलों के नेताओं बल्कि देश के नामी पत्रकारों की भी जासूसी के माध्यम न सिर्फ उनके फोन पर हुई वार्ताऐं चुराई, बल्कि उनकी दैनिक दिनचर्या भी गुप्त रूप से रिकार्ड की। यही नहीं इस जासूसी के माध्यम से प्रतिपक्षी दलों की राज्य सरकारें भी गिरवाई और अपनी सरकारें कायम की, इस आरोप के परिप्रेक्ष्य में कर्नाटक, मध्यप्रदेश और अरूणाचल की सरकारों के उदाहरण पेश किये जा रहे है।

यद्यपि सरकार ने प्रतिपक्ष के इन आरोपों को सिरे से खारीज कर दिया है, किंतु प्रतिपक्ष, विशेषकर कांग्रेस इस मामले में काफी आक्रामक हो गई है तथा सरकार पर दबाव डाल रही है कि वह सर्वोच्च न्यायालय में शपथ द्वारा संकल्प प्रस्तुत करें कि सरकार ने इजराईल जासूसी संस्था पेगासस की सेवाएं नहीं खरीदी? सराकार पर तो यह भी गंभीर आरोप लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराईल यात्रा के बाद ही पेगासस ने भारत में अपना काम शुरू किया। यद्यपि कांग्रेस के इन गंभीर आरोपों पर प्रधानमंत्री या गृहमंत्री के स्तर पर कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्रियों व गैर भाजपा शासित राज्यों में इस पर सफाई प्रस्तुत करने का दायित्व अपने प्रतिपक्षी नेताओं को सौंप दिया और दिल्ली में भाजपा के प्रवक्ताओं को तैनात कर दिया गया, किंतु इससे प्रतिपक्ष कतई संतुष्ट नहीं है और रोज नए-नए सबूतों के साथ सामने आ रहा है। इस जासूसी काण्ड ने संसद के समूचे मानसूी सत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, सत्र शुरू हुए पांच दिन गुजर गए, किंतु अभी तक सत्र की विधिवत शुरूआत भी नहीं हो पाई है प्रतिपक्ष ने न नए मंत्रियों का सदन में परिचय की प्रक्रिया होने दी और न ही सदन का और कोई संसदीय कार्य ही होने दिया।



संसद के सत्र की शुरूआत से जासूसी काण्ड तो छाया ही हुआ था, जिसने सदन में हंगामें का ज्वार पैदा कर दिया, इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह विवादित बयान दे दिया कि देश में ऑक्सीजन के अभाव में एक भी मौत नहीं हुई, जबकि पूरा देश जानता है कि कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेण्डर को लेकर कितनी मारा-मारी हर जगह हुई थी और देश में ऑक्सीजन के अभाव में कितनी मौतें हुई थी? यह एक विचारणीय सवाल है कि केन्द्र सरकार के इस जवाब से देश के उन दुःखी परिवारों की क्या हालत हुई होगी, जिनके अपने परिवार के सदस्य ऑक्सीजन के अभाव में स्वर्ग सिधार गए। जब इस पर विवाद बढ़ा तो सरकार ने दो टूक जवाब दे दिया कि सभी राज्यों से वहां की सरकारों ने अपने राज्यों में ऑक्सीजन के भाव में एक भी मौत नहीं होना बताया है, केन्द्र अपनी सफाई में सभी राज्यों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को तैयार है, जबकि केन्द्र की नाक के नीचे वाली दिल्ली सरकार का कहना है कि दिल्ली में ऑक्सीजन के अभाव में इतनी अधिकत मौते हुई है कि उनका विस्तृत विवरण देना भी मुश्किल है। अब यह एक अलग जांच का विषय है कि देश के सभी राज्यों की सरकारों ने कन्द्र को ऐसी रिपोर्ट क्यों दी?

क्योंकि देश में प्रतिपक्षी दलों की भी तो राजस्थान-छत्तीसगढ़-पंजाब जैसे राज्यों में सरकारें है, वे कैसे अपनी रिपोर्ट में सही तथ्यों को छूपा सकती है? किंतु केन्द्र ने तो अपनी एक पंक्ति की सफाई देकर इस विवाद से पल्ला झाड़ लिया।

संसद का यह मानसूनी सत्र 13 अगस्त तक चलना है और सत्र के शेष बाईस दिनों में इस जासूसी और ऑक्सीजन काण्डों के बाद कितने मामले और आएगें यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु अभी तो पेगासस जासूसी काण्ड और ऑक्सीजन के अभाव में मौतों के विवादों ने दोनों सदनों की कार्यवाही को पूरी तरह बाधित कर रखा है।

जो भी हो, किंतु इन दोनों विवादों को लेकर सरकार और सत्तारूढ़ दल की बयानबाजी ने फिलहाल तो 'सफैद' को भी शर्मसार कर दिया है और लोगों ने ''सफैद झूंठ'' मुहावरें का उपयोग बंद कर दिया है।

# दीपिका पादुकोण ने शुरु की फिल्म पठान की शूटिंग




कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन की पाबंदियों में मिली छूट के बाद कई फिल्मों की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हालात को काबू में देखते हुए मेकर्स अपनी फिल्मों की शूटिंग की योजना बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि दीपिका पादुकोण ने अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। दीपिका इस फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। शाहरुख फिल्म में लीड किरदार में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने मुंबई में शाहरुख के साथ पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने दीपिका की तस्वीरें शेयर करते हुए यह जानकारी दी है, जो पठान के सेट पर मौजूद था। शनिवार को दीपिका को फिल्म के सेट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया था। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका को चेन्नई एक्सप्रेस और ओम शांति ओम जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख और जॉन अब्राहम के बाद अब दीपिका ने भी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। हमारी पीढ़ी के बड़े सुपरस्टार्स को महामारी के बावजूद शूटिंग शुरू करते हुए देखना वाकई में आश्चर्यजनक है। यह इंडस्ट्री को मजबूत और सकारात्मक संदेश देता है। जब पठान जैसी बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, तो इंडस्ट्री को नई स्फूर्ति मिलती है। दीपिका इस शेड्यूल के खत्म होने तक शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि वह अगले 15-20 दिनों तक इस फिल्म की शूटिंग करेंगी। सूत्र ने बताया कि उन्हें फिल्म में दीपिका के रोल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि दीपिका को एक अनोखे किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म में दीपिका को एक खुफिया एजेंट के किरदार में देखा जाएगा। अभिनेत्री को फिल्म में भरपूर एक्शन अवतार में देखा जा सकता है।

फिल्म में जॉन को खलनायक की भूमिका में देखा जाएगा। शाहरुख और जॉन के बीच जबरदस्त फाइट सीन देखने को मिलेगा। डिंपल कपाड़िया फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी। वहीं, फिल्म में सलमान खान को कैमियो की भूमिका में देखा जाएगा।

फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। उनके पति रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में दिखने वाले हैं। इसके अलावा दीपिका मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं। वह शकुन बत्रा की आगामी फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के साथ द इंटर्न की हिन्दी रीमेक में भी अभिनय करती दिखेंगी।

## अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या किया: आकांक्षा पुरी



अभिनेत्री आकांक्षा पुरी और अभिनेता हिमांश कोहली अपने अगले म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए कश्मीर गए हुए हैं, जहां निर्देशक के कट कहे जाने के बाद भी आकांक्षा अपने को-स्टार को पुचकारते रहने से खुद को नहीं रोक पाईं। आकांक्षा ने कहा, आखिरकार किसी ने मुझे स्क्रीन पर रोमांस कराया और अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या कि या। मुझे इतना मजा पहले कभी नहीं आया है। यहां ठंड का मौसम था, हवाएं चल रही थीं और आप अपने को-स्टार की बाहों में थे और क्या चाहिए। एक शॉट था, जिसमें कट कहे जाने के बाद भी मैं हिमांश को नहीं छोड़ रही थी क्योंकि मुझे उसे हग करने और पुचकारने में काफी मजा आ रहा था। हिंमाश को अपने अपोजिट पाकर मैं काफी खुश थी क्योंकि हम काफी अच्छे दोस्त हैं और हमारे बीच केमिस्ट्री काफी अच्छी है, जिसे बेशक आप पर्दे पर देख पाएंगे, जब गाना रिलीज हो जाएगा। मैं बिल्कुल उनके साथ दोबारा काम करना पसंद करूंगी। यह दूसरी बार है, जब आकांक्षा और हिमांश किसी प्रोजेक्ट में कास्ट हुए हैं और पहली बार ये दोनों एक-दूसरे के अपोजिट काम कर रहे हैं। यह गाना इस साल रिलीज होगा, जिसके शीर्षक पर अभी बात नहीं बनी है। टेलीविज़न इंडस्ट्री में आने से पहले वह एयर होस्टेस के रूप में काम कर चुकी हैं। पुरी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म एलेक्स पांडियन से की थी। जो कि साल 2013 में रिलीज हुई। आकांशा ने बॉलीवुड डेब्यू फिल्म कैलेंडर गर्ल्स से किया था जिसमे वह नंदिता मेनन का किरदार में नजर आई. वह श्रेय सिंघल की जहाँ तुम हो और ज्योतिका तंग्री की डांसिंग डॉल म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुकी हैं.

# काफी समय बाद म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे शाहरुख खान



बॉलीवुड के किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने पिछले कई दशकों से लाखों दर्शकों के दिलों पर राज किया है। शाहरुख अपनी फिल्मों में इमोशन, एक्टिंग, रोमांस और एक्शन का भरपूर तड़का लगाने के लिए जाने जाते हैं। ये अलग बात है कि वह काफी समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि शाहरुख बहुत जल्द एक म्यूजिक वीडियो में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख काफी समय बाद एक म्यूजिक वीडियो में स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं। खबरों की मानें तो अभिनेता शाहरुख को हाल ही में एक स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया है। कहा जा रहा है कि वह यहां एक प्रमुख हेयर-कलर ब्रांड के लिए म्यूजिक वीडियो को शूट करने के लिए आए थे। अब शाहरुख को ब्रांड को प्रमोट करने के लिए एक अनोखे और जोशीले गाने पर थिरकते हुए देखा जाएगा। सूत्र की मानें तो म्यूजिक वीडियो के जरिए शाहरुख प्रशंसकों से उनकी तरह आत्मविश्वासी और आकर्षक बनने का आग्रह करते नजर आएंगे। हाल में शाहरुख ने ट्विटर पर प्रह्यह्मस्क्र्य का आयोजन किया था, जिसमें प्रशंसकों ने उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में कई सवाल पूछे थे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा था, मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुझे लगता है कि फिल्म रिलीज के शेड्यूल को थोड़ा धैर्य और समझदारी के साथ बनाना चाहिए। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो थी, जो 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी थी। इसमें शाहरुख के साथ जीशान अयूब, तिग्मांशु धूलिया, कैटरीना कैफ, अनुष्का शर्मा और सलमान खान जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म से शाहरुख दर्शकों पर विशेष प्रभाव छोड़ने में नाकामयाब हुए थे। समीक्षकों ने इसे औसत दर्जे की फिल्म का टैग दिया था। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह थ्रिलर फिल्में बनाने के लिए मशहूर राज एंड डीके की आगामी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। निर्देशक संजय लीला भंसाली ने भी शाहरुख के साथ इजहार नाम की एक रोमांटिक फिल्म बनाने की प्लानिंग की है।

# रत्सासन की हिन्दी रीमेक का नाम होगा मिशन सिंड्रेला, अक्षय और रकुल प्रीत आएंगे नजर

अक्षय कुमार बॉलीवुड के मौजूदा दौर के सबसे व्यस्त अभिनेताओं की सूची में शामिल हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज हो सकती हैं। हाल के दिनों में अक्षय रंजीत तिवारी की एक फिल्म को लेकर सुर्खियों में थे। खबर सामने आई थी कि यह तमिल क्लासिक रत्सासन की हिन्दी रीमेक होगी। अब जानकारी सामने आ रही है कि रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला रखा गया है। फिल्म में अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय अभिनीत रंजीत की रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला निर्धारित किया गया है। एक सूत्र ने बताया, अक्षय की इस फिल्म का नाम मिशन सिंड्रेला है, जिसमें अक्षय एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे




हैं। मेकर्स फिल्म को यूनाइटेड किंगडम के कुछ लोकेशंस के साथ लंदन में शूट करने की योजना बना रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म में अक्षय बच्चों का अपहरण करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए मिशन को अंजाम देते हुए नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिलहाल निर्माता ने अस्थायी रूप से इस प्रोजेक्ट को सिंड्रेला या मिशन सिंड्रेला नाम दिया है। इस फिल्म को जैकी भगनानी और वाशु भगनानी द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। अभी फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है।

अक्षय इससे पहले कई रीमेक फिल्मों के प्रोजेक्ट में काम कर चुके हैं। अक्षय ने कंचना की हिन्दी रीमेक लक्ष्मी में काम किया था, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। वह आने वाले दिनों में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएंगे, जो तमिल फिल्म जिगरथंडा की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस, कृति सेनन और बॉबी देओल अहम भूमिकाओं में दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन



फरहाद सामजी कर रहे हैं।

रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। फिल्म का निर्देशन राम कुमार ने किया है, जिसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट अमह भूमिका में दिखे हैं।

अक्षय की कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह पृथ्वीराज और रक्षाबंधन जैसी फिल्मों में भी दिखने वाले हैं। इसके अलावा वह फिल्म राम सेतु भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

# जानिए नूडल्स खाना कितना खतरनाक हो सकता है

दिन में तीन बार भोजन करने के अलावा बहुत भूख लग रही है? आसान समाधान खोज रहे हैं? अगर ऐसा है तो कई लोग ऐसे भी हैं जो कम समय में पेट भरने का उपाय खोजने के लिए समय पर किचन नहीं जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग इंस्टेंट नूडल्स पसंद करते हैं। खासकर छात्रों से लेकर व्यस्त लोगों तक, इंस्टैंट नूडल्स का हर कोई फैन होता है। फिर से खाना बनाने की परेशानी से बचने के लिए कई लोग इस खाने का इस्तेमाल दिन-



ब-दिन करते हैं। तो इस प्रकार के नूडल्स की लोकप्रियता अब अपने चरम पर है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन नूडल्स से पेट भरने में क्या नुकसान है? आप नहीं जानते होंगे ङ्क आप अनजाने में इन सभी खाद्य पदार्थों के लिए खतरा ला रहे हैं। न्यूट्रिशनिस्ट्स के मुताबिक, अगर उबला हुआ खाया भी जाए तो ये फूड किसी भी दूसरे जंक फूड से ज्यादा हानिकारक होते हैं। पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि इस प्रकार के भोजन का कोई पोषण मूल्य नहीं होता है। बल्कि इसमें मौजूद सिंथेटिक केमिकल्स शरीर की अतिरिक्त चर्बी को बढ़ा देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इंस्टेंट नूडल्स में सिंथेटिक एंटीऑक्सीडेंट टीबीएचक्यू होता है। जो शरीर में 0.02-0.03 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच जाए तो खतरनाक हो सकता है। यह लगभग 300 मिलीग्राम प्रति किलो होने की सिफारिश की जाती है। लेकिन नूडल्स में मात्रा इतनी अधिक होती है कि यह धीरे-धीरे लीवर की पुरानी बीमारी का कारण बनती है और पाचन प्रक्रिया को बाधित करती है। नूडल्स को पचने में काफी समय लगता है। तो पेट भारी लगता है। नतीजतन, कई लोग नूडल्स खाने, पाचन विकार और यहां तक कि उल्टी करने के बाद भी अपनी भूख खो देते हैं। हानिकारक मोनोसोडियम ग्लूटामेट की उपस्थिति के कारण, इस भोजन के अत्यधिक सेवन से लीवर की समस्याओं के अलावा विभिन्न तंत्रिका संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में हानिकारक कोलेस्ट्रॉल और मोटापा भी इन्हीं हानिकारक तत्वों के कारण होता है। इसलिए भूख मिटाने के लिए इंस्टेंट नूडल्स पर भरोसा करने से पहले सावधान हो जाएं।

# बालों को सेट करने के अलावा इन कार्यों को भी आसान बना सकता है हेयर स्प्रे



आमतौर पर आपने हेयर स्प्रे का इस्तेमाल बालों को सेट करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कार्यों के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग-अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज हेयर स्प्रे से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

**जाम चीजों को ठीक करने के लिए करें इस्तेमाल:** अगर आपके किसी कपड़े में लगी चैन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको बस इतना करना है कि हेयर स्प्रे को कपड़े की जाम चैन पर अच्छे से छिड़के दें। इसके बाद चैन आराम से बंद और खुलने लगेगी। इसके अलावा अगर आपके घर के दरवाजे और खिड़कियां जाम हो गए हैं तो उन्हें ठीक करने के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फूल और पौधों को मुरझाने से बचाएं:** आमतौर पर लोग घर की सजावट के लिए फूल और पौधों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे जल्द ही मुरझा जाते हैं। ऐसे में हेयर स्प्रे के इस्तेमाल से इनका रंग-रूप बदला जा सकता है। दरअसल, हेयर स्प्रे के प्रभाव से फूलों और पौधों को हरा-भरा रखा जा सकता है, इसलिए जब भी आप घर को असली फूलों से सजाएं तो उन पर थोड़ी दूरी से हेयर स्प्रे का छिड़काव करें।

**लेदर के हैंडबैग को चमकाएं:** जिस प्रकार जूतों को नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार लेदर से बने हैंडबैग आदि को भी नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है और इसके लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा सा हेयर स्प्रे छिड़कें और इससे अपने लेदर के हैंडबैग की पॉलिश करें। यकीनन इससे आपके लैदर के हैंडबैग की चमक नई जैसी लगेगी।

**दीवार से हटाएं इंक और मार्कर के निशान:** अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको आए दिन घर की दीवारों से इंक और मार्कर के निशान साफ करने के लिए मेहनत करनी पड़ती होगी। आप चाहें तो इस काम को आसान बनाने के लिए हेयर स्प्रे की मदद ले सकते है। इसके लिए इंक या मार्कर के निशान वाली दीवार पर हेयर स्प्रे छिड़कें और फिर किसी मुलायम कपड़े से इसे धीरे-धीरे रगड़कर साफ कर दें। इससे निशान पूरी तरह से चले जाएंगे।

## 'भेड़िया' की शूटिंग आई नजदीक, वरुण धवन ने लंबे बालों को कहा गुडबाय



अभिनेता वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी आने वाली फिल्म 'भेड़िया' की शूटिंग खत्म होने वाली है, बस एक काम बचा हुआ है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह शीशे के सामने लंबे बाल और दाढ़ी के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने लिखा है, आखिरी दिन। अगले 24 घंटों में 'भेड़िया' के कुछ आखिरी मुख्य दृश्यों को फिल्माया जाएगा। चूंकि हमें फिल्म से जुड़े किसी भी दृश्य की तस्वीर को जारी करने की इजाजत नहीं दी गई इसलिए यह आखिरी बार है जब मैं आईने के सामने आया और कुछ समय के लिए रूककर कहा कि मेरे निर्देशक ने मुझमें जो कुछ बदलाव किए हैं, उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कृति सेनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल, 2022 में रिलीज होने वाली है।

## वन-टू-वन



### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीट पीटकर किया अधमरा

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा।पुरानी रंजिश के चलते घर के बाहर बैठे युवक को अभियुक्तों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाना पर दर्ज कराई है। आपको बता दें पूरा मामला थाना बागवाला क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुतकपुर का है जहां गजेंद्र सिंह पुत्र जगदीश बाबू ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उनके चचेरे भाई व उसकी पत्नी व पुत्रों ने अचानक उस पर हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी शिकायत उसने संबंधित थाना पर दी, वही पुलिस ने घायल गजेंद्र को चिकित्सकीय परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया है।




### चोरी की मोटर साइकिल नंबर प्लेट बदलकर चला रहा आरोपी युवक मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार,

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना सकरौली पुलिस द्वारा अभियुक्त विकास पुत्र नाहरसिंह निवासी जरानी कला थानासकरौली जिला को चोरी की मोटर साइकिल कूटरचित नंबर प्लेट बदलकर चलाने के अपराध में मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया है।

गुरुबार को 4:30 बजे सुबह एसओ सत्यबीर सिंह द्वारा मय एसआई रामवीर शर्मा व हमराहियान के जलेसर फिरोजाबाद रोड पर संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त विकास पुत्र नाहर सिंह निवासी जरानी कला थाना सकरौली जिला एटा को चोरी की मोटर साइकिल कूटरचित नंबर प्लेट बदलकर चलाते हुए गिरफ्तार कर ,मोटर साईकिल बरामद कर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई ।



### न्याय न मिलने पर पीड़ित पहुंचा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वार

**पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ मारपीट होने के बावजूद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई**

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। पीड़ित ने थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है। आपको बता दें पूरा मामला थाना मिरहची क्षेत्र के गांव श्योराई निवासी दुर्योधन पुत्र बदन सिंह का है पीड़ित ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। जिसमें उसने थाना मिरहची पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 27 जुलाई को उसके ही गांव के राजबहादुर उर्फ महात्मा पुत्र लीलाधर, नेम सिंह पुत्र राजबहादुर, रवि पुत्र कालीचरण, द्वारा एक राय होकर खेत पर काम कर रहे उसे और उसकी पत्नी को मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की नियत से हमला कर जमकर मारपीट की। अभियुक्तों ने उसकी पत्नी सुनीता देवी के साथ छेड़छाड़ कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए जिसकी शिकायत पूर्व में पीड़ित ने थाना पुलिस से की थी लेकिन बावजूद पुलिस ने उसका न उसकी पत्नी का कोई चिकित्सीय परीक्षण कराया और न ही कानूनी कार्यवाही की जिसके चलते पीड़ित ने न्याय हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया है।

# आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

*एटा। गुरुबार को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने सरकार पर वादा निभाओ देशव्यापी कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि 7 जून 2018 को किए गए समझौते तथा 21 फरवरी 2019 की घोषणा पूरी न होने पर उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया है।*

*बता दें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आरोप है कि कोरोना काल में 62*



*वर्ष की कर्मचारियों को बिना फंड पेंशन जबरन रिटायर कर दिया गया वहीं सरकार के निर्दयी फैसले जैसे राशन वितरण में समूह व डीलर के अनुचित हस्तक्षेप तथा वर्षों से प्रमोशन लटकाए रखना तथा नई भर्ती रोकने तथा बिना मोबाइल नेट व प्रतिक्षण ऑनलाइन पोषण ट्रैकर एप जबरन डाउनलोड कराने की जोर जबस्ती की है। वहीं भारतीय मजदूर संघ सरकार के ऐसे कड़े रवैया को लेकर निंदा करते हुए यह मांग करती है के सरकारी कर्मचारियों का दर्जा व न्यूनतम वेतन 21 हजार मासिक वेतन करें वही रिटायरमेंट पर मासिक दस हजार मासिक पेंशन दी जाए तथा उम्र सीमा का बॉउंडेशन हटाकर प्रमोशन दिया जाए प्रमोशन का नई भर्ती तत्काल पूरी की जाए सभी को मोबाइल डाटा को प्रशिक्षण दिया जाए और ना काल में कार्य करने पर दस हजार मासिक जोखिम भत्ता दिया जाए अन्य विभाग से ड्यूटी करने का अतिरिक्त पैसा दिया जाए समूह द्वारा राशन समय से पूरा न दे दिया जाए।*

# भिंड नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही के कारण भिंड की जनता परेशान

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

भिंड वार्ड नंबर 3 वाटर वर्क्स वार्ड वासियों का कहना है कि भिंड नगर पालिका सीएमओ साहब को आवेदन देकर कई बार अवगत कराया गया कि वार्ड में नाले चौक हैं सीएमओ साहब ने कोई ध्यान नहीं दिया 2 वार्ड नंबर 11 महावीर नगर अर्जेंट ईश्वर मंदिर के पास इन लोगों ने भी नगर पालिका सीएमओ आवेदन देकर अवगत कराया फोन करके भी अवगत कराया लेकिन सीएमओ साहब ने कोई ध्यान नहीं दिया भिंड वार्ड वासियों ने स्थानीय विधायक संजीव सिंह कुशवाहा को भी अवगत कराया लेकिन यहां से भी हताशा लोगों को मिली जिला प्रशासन भिंड कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस को भी आवेदन देकर अवगत कराया गया लेकिन जिलाधीश महोदय ने भी वार्ड वासियों की अनदेखी कर दी वार्ड



वासियों का कहना है अंधेर नगरी चौपट राजा भिंड के किसी भी आला अफसर के पास वार्ड वासी जाते हैं आवेदन ले लिए जाते हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जाती काफी लोगों ने 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई लेकिन वहां से भी हताशा महसूस हुई वार्ड वासियों के नाम... जितेंद्र वर्मा रवि वर्मा धर्मेंद्र वीरेंद्र जोशी विशंभर वर्मा पप्पू बसंत राम शिंदे खटीक सुनील जोशी मदन खटीक

***अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन***

## पुलिस वालों को समर्पित

# ना थका था,थका हूं,ना थकूंगा


थका था, ना थका हूं,ना
थकूंगा.........
1. जन सेवा में लगातार
करूंगा
जब तक है प्राण मेरे तन में,
देश सेवा में हमेशा करता
रहूंगा।
ना थका था, ना थका हूं,ना
थकूंगा..........
2. जब भी आए संकट मेरे
देश पर,
तब मैं एक चौकीदार, एक
सिपाही, सब्जी वाला, एक दूध
वाला, दवाई वाला भी बनकर
खड़ा रहूंगा।
ना थका था,ना थका हूं,?ना
थकूंगा.......
3. आये कितनी भी महामारी,
चाहे कोरोना से भी बड़े
संकट, पर मैं कभी ना रुकूंगा।
ना थका था, ना थका हूं, ना
सकूंगा.........
4. यदि कोई मुझ पर पत्थर भी
मारे,
कर दे गाली गलौज भी, फिर
भी मैं सुनूंगा,
लेकिन जनमानस पर कभी
आंच नहीं आने दूंगा।
ना थका था, ना थका हूं, ना
थकूंगा.........
5. चाहे हो दोपहरी,चाहे हो
अंधियारी राते।
लोगों को महसूस हुई मेरी
जरूरत, तो मैं आऊंगा।
ना थका था,ना थका हूं ,ना
थकूंगा........
6. बच्चों के लिए यदि मुझे
आना पड़े बुंदेलखंड एकेडमी
भी, तो मै(कमला कांत दुबे
जी) आऊंगा।
जरूरत पड़ने पर बच्चों की भी
पिटाई लगाऊंगा, लेकिन
आलमपुर क्षेत्र के बच्चों को
हमेशा आगे बढ़ाने का प्रयास
करूंगा।
ना थका था ,ना थका हूं, ना
थकूंगा।



**-सुभी तिवारी**
**आलमपुर भिण्ड मप्र**

### रफाल लड़ाकू विमान को 101 स्क्वाड्रन में शामिल करने का समारोह संपन्न

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय वायु सेना ने 28 जुलाई, 2021 को औपचारिक रूप से पूर्वी वायु कमान (ईएसी) के हासीमारा वायु सेना स्टेशन में रफाल लड़ाकू विमान को 101 स्क्वाड्रन में शामिल किया। चीफ ऑफ द एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया पीवीएसएम एवीएसएम वीएम एडीसी ने इस समारोह की अध्यक्षता की। पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल अमित देव एवीएसएम वीएसएम द्वारा वायु सेना प्रमुख का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में एक फ्लाई-पास्ट भी हुआ था, जिसके दौरान हासीमारा वायु सेना स्टेशन के लिए रफाल विमान के आगमन की घोषणा की गई और उसके बाद और पारंपरिक वाटर कैनन सलामी हुई। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि, पूर्वी क्षेत्र में भारतीय वायुसेना की क्षमता को और मजबूती प्रदान करने के महत्व को ध्यान में रखते हुए हासीमारा में रफाल को शामिल करने की योजना सावधानीपूर्वक बनाई गई थी।



# गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के कहा पैरोल पर रिहा बंदी अभी जेल से बाहर ही रहेंगे

**न्यायालय के आदेश पर जेल विभाग ने पैरोल पर रिहा किया है करीब 5000 दंडित बंदियों को**



**भोपाल (ए)।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कोरोना को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया गया है कि जो दंडित बंदी पैरोल पर जेल से बाहर हैं उन्हें आगामी आदेश तक जेल में दाखिल न किया जाए। न्यायालय के आदेश के पालन में जेल विभाग पैरोल पर रिहा करीब 5000 दंडित बंदियों को जेल से बाहर रखे जाने का आदेश जारी किया है। कोरोना की दूसरी लहर के पीक के दौरान विपक्ष के नेताओं ने भाजपा शासित राज्यों में कोरोना केस को लेकर हाहाकार मचाया था। अब केरल और महाराष्ट्र में कोरोना के केस बढने पर विपक्षी दलों की खामोशी उनके दोहरे चरित्र को उजागर कर रही है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित बिल को यदि कमल नाथ सरकार सही से पास कर देती तो यह मामला न्यायालय में जाने से बच जाता। कमल नाथ की नाकामियों की वजह से यह मामला न्यायालय में गया, जिस पर स्टे लग गया। इतने संवेदनशील मामले को लेकर कांग्रेस सरकार द्वारा न्यायालय में एक वर्ष तक किसी वकील तक को खड़ा नहीं किया गया। यह असंवेदनशीलता दर्शाती है कि कांग्रेस इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। प्रदेश के किसानों का कर्ज 10 दिन में माफ वरना मुख्यमंत्री बदल देंगे जैसे वादे करने वाले राहुल गांधी को कर्जमाफी के नाम पर बोलने का कोई हक नहीं है। गरीबी हटाओ से लेकर कर्जमाफी तक का वादा करने वाली कांग्रेस की परंपरा है वादाखिलाफी, जो अब धीरे-धीरे कांग्रेस की संस्कृति बन गई है।

### शराब कांडः फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

**भोपाल (ए)।** प्रदेश के मंदसौर के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में जहरीली शराब कांड के फरार आरो?पियों पर दस-दस हजार के इनाम की घोषणा कर दी है। जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत होने के बाद यह मामला गरमा गया है। राज्य शासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआइटी गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. राजेश राजोरा के नेतृत्व में मंदसौर आ चुकी है। इधर पुलिस प्रशासन मामले में नामजद आरोपितों को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। इसके चलते एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने तीन फरार आरोपितों पर इनाम घोषित किया है। जहरीली शराब के मामले में पुलिस ने जयपालसिह निवासी सुजानपुरा, पिंटूसिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। वही महिपालसिंह उर्फ नेपालसिंह पुत्र गोपालसिंह निवासी खंखराई, गजेन्द्रसिंह पुत्र महिपालसिंह उर्फ नेपालसिंह निवासी खंखराई, 3. जितेन्द्रसिंह उर्फ जीतू पिता विक्रमसिंह राजपूत निवासी पिपलियामंडी अभी फरार है। इन सभी के खिलाफ पिपलियामंडी थाने पर भादसं की धारा 304, 328, 34 एवं म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 49-ए के तहत प्रकरण दर्ज है। एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने तीनों फरार आरोपितों की सूचना देने व इनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस रेग्युलेशन की पैरा 80 बी-(1) की शक्तियों का उपयोग करते हुए 10-10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है।

# अदरक, प्याज, लहसुन आदि मसाला फसलों के उन्नत किस्मों के बीजों को खरीदे उद्यानिकी विभाग

**किसानों की मांग के अनुरूप सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेंगीः उद्यानिकी राज्य मंत्री श्री कुशवाह**

**भोपाल(ए)।** फल, सब्जी और मसाला फसलों की उन्नत किस्म के बीजों को केरल, असम सहित अन्य राज्यों से भी उद्यानिकी विभाग खरीदेगा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने 17 जिलों के सब्जी, फल मसाला फसलों के उत्पादक किसानों से वर्चुअली संवाद करने के बाद अधिकारियों को यह निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्री कुशवाह आज निवास स्थित कार्यालय से प्रदेश के सब्जी, फल और मसाला उत्पादक किसानों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर रहे थे। उद्यानिक एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा एक जिला-एक उत्पाद में मसाला, फल और सब्जी के लिये चयनित जिलों में उत्पादन को बढ़ावा देने के संबंध में अधिकारियों और किसानों से राज्यमंत्री श्री कुशवाहने संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश के 52 जिलों में जिन जिलों को मसाला खेती, सब्जी खेती और फल की खेती के लिये चुना गया है। उन जिलों में इन फसलों के उत्पादन से जुड़े किसानों से सीधी बातचीत कर किसानों की जमीनी जरूरतों को समझने का प्रयास है। वर्चुअली कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री कुशवाह के साथ आयुक्त उद्यानिकी एम.के. अग्रवाल और सभी 17 जिलों के उद्यानिकी जिला कार्यालयों उद्यानिकी अधिकारियों के साथ किसान बंधु मौजूद थे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि फल, सब्जी और मसाला फसलों के उत्पादन किसानों को उनके उत्पाद का पूरा-पूरा लाभ नहीं मिलता। कच्चा माल बेचने पर भाव कम मिलता है और फल, सब्जी, मसाला फसलों को भण्डारण और प्रोसेसिंग नहीं करने पर कच्चा माल बेचने की मजबूरी होती है। किसानों को मजबूर न होने पड़े इसके लिये उद्यानिकी विभाग ने किसानों को ही अपने उत्पादों का भण्डारण



और प्र-संस्करण करने की इकाईयाँ लगाने की योजना क्रियान्वित की है। उन्होंने किसानों से कहा कि आय दोगुना करने के लिये हमें दो तरह से काम करना होगा। उत्पादन के साथ-साथ भण्डारण और प्र-संस्करण के क्षेत्र में भी काम करवा है।

वर्चुअली संवाद के दौरान अदरक, लहसुन, प्याज आदि मसाला फसलों के उत्पादक किसानों ने भण्डारण और प्र-संस्करण में रूचि बताते हुए कहा कि प्रोजेक्ट बना लिये गये है और उद्यानिकी विभाग के माध्यम से बैंकों को स्वीकृति के लिये भेजे गये है। बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों ने बताया कि द्वारा केला की खेती करने वाले किसानों ने समूह बनाया है और वह केले का प्र-संस्करण करके केले की चिप्स भी बना रहे है इससे उन्हें बेहतर लाभ मिल रहा है। अदरक की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि अदरक की फसल आने के समय जो भाव होते है वह दो महीने बाद दोगुने हो जाते है अदरक का भण्डारण करने से उन्हें वाजिफ दाम भी मिलेंगे और अदरक का प्र-संस्करण कर सोठ और सोठ का पाउडर बनाकर और अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार लहसुन, प्याज, धनिया, हल्दी, मिर्च, संतरा, आंवला आदि फसलों के उत्पादक किसानों ने सुझाव लिये।

मसाला फसलों के उत्पादक किसानों ने कहा कि केरल, असम और अन्य राज्यों में उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध रहते है। इस पर राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को जिस प्रजाति और किस्म का बीज चाहिए है। वह उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन राज्यों से मसाला फसलों और सब्जी के बीजों को विभाग खरीदे और किसानों को उपलब्ध करायें। राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि भण्डारण एवं प्र-संस्करण के किसानों के बैंकों को दिये गये प्रोजेक्ट को समय-सीमा स्वीकृत कराने के पहले करेंगे। किसानों द्वारा दिये गये सुझावों का डाक्यूमेंटेशन करने का अधिकारियों को राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जायें और किसानों के सुझावों पर अमल भी सुनिश्चित हों। उन्होंने किसानों से वर्चुअली संवाद के दौरान कहा कि अभी वह वीडियों कॉलिंग के माध्यम से बात कर रहे है। वह जिलों का दौरा भी करेंगे और अधिकारियों को साथ लेकर किसानो से सीधे उनके खेत पर भी मिलेंगे।



# मध्यप्रदेश में भारी बारिश होने के आसार कम

**सिस्टम के झारखंड से बिहार की तरफ आगे बढ़ने की संभावना**

**भोपाल (ए)।** वर्तमान में मध्यप्रदेश में भारी बारिश होने के आसार कम हैं। हालांकि राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बौछारें पड़ने का सिलसिला बना रहेगा। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र गहरे कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस सिस्टम के झारखंड से बिहार की तरफ आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि गुरुवार को ग्वालियर, चंबल संभाग के अलावा रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मंडला, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों में तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं। इसके अलावा भोपाल, होशंगाबाद,उज्जैन एवं इंदौर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक गहरा कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इस सिस्टम के शुक्रवार को झारखंड से बिहार की तरफ आगे बढ़ने के आसार हैं। उत्तरी पाकिस्तान में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मानसून ट्रफ फिरोजपुर, हिसार, मेरठ से होकर बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम तक बना हुआ है। अपतटीय ट्रफ दक्षिणी गुजरात तट से उत्तरी केरल के तट तक बना हुआ है। उत्तरी पाकिस्तान से पश्चिमी राजस्थान होते हुए दक्षिणी गुजरात तक भी एक ट्रफ बना हुआ है। इन पांच वेदर सिस्टम के सक्रिय रहने से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी मिल रही है। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक खजुराहो में 38, सागर में 29, ग्वालियर में 23, सिवनी में 14, मलाजखंड में 11, मंडला में 10, नौगांव में नौ, दमोह में आठ, होशंगाबाद में सात, इंदौर में 4.8, पचमढ़ी, सीधी, धार में चार, भोपाल में 2.8, जबलपुर में 2.6, खरगोन, श्यौपुरकलां, छिंदवाड़ा, शाजापुर में दो मिलीमीटर बरसात हुई। बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा। साथ ही मंगलवार के अधिकतम तापमान (24.9 मिमी.) की तुलना में 2.6 डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया।

# कांग्रेस ने जनता को किया भ्रमित कार्यकर्ता संगठित होकर वैक्सीन लगवाने के लिए जनता को करें जागृत : नरेंद्र सिंह कुशवाह'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भिंड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है कोविड-19 के संकट की घड़ी में कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार जनों की मदद की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता और कार्यकर्ताओं के बल पर देश में कोरोना जैसी महामारी को निरंतर किया है यह बात उन्होंने भाजपा सुभाष मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कोविड-19 विषय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू की द्य

पूर्व विधायक नरेंद्र कुशवाह ने प्रथम सत्र के उद्घाटन करते करते हुए कहा कि कि अपील करता हूं कि कोरोना को हराने के लिए मास्क अवश्य लगाएं। और तीसरी लहर भी आने की संभावना है इससे हमें पहले पूर्ण रूप से सचेत हो जाना चाहिए कार्यकर्ता टोलियां बनाकर हर गली और मोहल्ला में निकले और लोगों से अपील करें की घर में रहें सुरक्षित रहें मांस लगाएं 2 गज की दूरी पर रहे किसी से संपर्क में ना आए ताकि हम पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सकें ।

उन्होंने कहा की कि कांग्रेस ने कोविड-19 के झूठे आंकड़ों को लेकर जनता को भ्रमित करने का काम किया झूठ बोलने की संस्कृति आज से नहीं हमेशा से ही इनके नेताओं में रही है जबकि मोदी और शिवराज सरकार और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवारों के लिए जनसेवा से लोगों की मदद की और उनके सुख और दुख में शामिल होकर आगे आने का कार्य किया कांग्रेस की के नेता और कार्यकर्ता मात्र जनता को भड़क आते रहे कभी उन्होंने सेवा भाव का कारण नहीं दिखाया ।

पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि कोरोना के विरूद्ध जन-अभियान में हर व्यक्ति शामिल हो, यह हमारा कर्तब्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। जन-जागरूकता एवं सभी के सक्रिय सहयोग से ही हम कोरोना को प्रभावी रूप से हरा पाएंगे। इस अभियान में स्वयं शामिल हों, अपने परिवार को शामिल करें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। सरकार ने कोरोना की जांच उपचार आदि की पूरी व्यवस्था अस्पतालों में की हैं। परंतु हम चाहते




हैं कि कोरोना का संक्रमण फैले ही नहीं। इसके लिए आवश्यक है कि आप सभी मास्क लगाने जैसी सभी सावधानियों का पालन करें। पूर्व विधायक कुशवाह ने कहा कि सभी लोग वैक्सीन लगवाएं जिससे हमें आगे चलकर कोई कठिनाइयां न हो । प्रदेश की व जिले की जनता के स्वास्थ्य लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान काफी चितिंत हैं। हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती हैं कि कोरोना की इस जंग में सभी सावधानियों और नियमों का पालन करते हुए जनहित में भागीदारी सुनिश्चित करें। विधानसभा क्षेत्र भिंड की जनता को संदेश पहुंचा कर आव्हान किया है कि पूरा देश आज कोविड-19 जैसी महामारी से जूझ रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस जंग को जीतने के लिए आप सभी सभी कार्यकर्ताओं को भी जागृत किया जितने भी टीकाकरण के लिए सेंटर बनाए गए हैं वहां हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद और प्रशासन की मदद के साथ वैक्सीन टीकाकरण अभियान के तहत टीका लगवाएं जिससे मध्यप्रदेश के साथ-साथ भिंड जिला कोरोना मुक्त हो सके इसमें आप सभी की जनभागीदारी अति आवश्यक है ।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजीव कांकर ने कार्यकर्ताओं को जागृत करते हुए कहा कि कोरोना महामारी ने फिर से विकराल रूप धारण कर लिया है और यह हजारों लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है । अतः मेरा आपसे नम्र निवदेन है कि हम खुद सजग रहें और अपनों को सजग करें , साथ ही सरकार के नियमों का पालन करें ।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गाइडलाइन का हम सब लोग पालन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने लोगों को निशुल्क वैक्सीन लगाने का निर्णय लिया है युवाओं को भी जागृत करे। और कहा कि कि केंद्र और राज्य सरकार की कोविड-19 योजनाओं को जनता और गरीबों तक पहुंचाएं ताकि उन्हें योजना का लाभ उन्हें मिल सके ।

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उद्घाटन सत्र में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी किसी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया । वही मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू ने संगठन की संघात्मक समीक्षा के साथ संपन्न हुए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । इस अवसर पर भाजपा नेता उपेंद्र सिंह भदोरिया ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन श्याम किशोर दीक्षित एवं राजीव उपाध्याय द्वारा किया गया ।

## वन-टू-वन



### ट्रक ओर कार में हुई भिड़त कार सवार की हुई मौत

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन, पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर के पास नेशनल हाईवे 719 भदोरिया होटल के सामने बुधवार को सुबह 4ः00 बजे ट्रक और कार में भीषण भिड़ंत हो गई जिससे कार संचालक मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने कार संचालक की बॉडी को कार से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद भेजा। पुलिस के अनुसार संग्राम 43 पुत्र राम किशन दुबे निवासी जोशी नगर भिंड सुबह 4ः00 बजे अपनी अल्टो कार से ग्वालियर जा रहे थे तभी ग्वालियर की तरफ से तेज गति आ रहे ट्रक चालक ने हाईवे के किनारे भदौरिया होटल के पास कार में टक्कर मार दी जिससे कार संचालक संग्राम दुबे की मौत जगह पर ही हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार का इंजन निकलकर हाईवे जा गिरा हादसा होने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी जब तक पुलिस दल आया वहां ट्रक चालक फरार हो गया




### किसानों और महिलाओं को पेंशन देने के साथ नौ लाख युवाओं को रोजगार समाजवादी पार्टीः अनिल दोहरे

**अंकित कुमार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

लखना अखिल भारतीय दोहरे समाज महासंघ के प्रदेश प्रभारी एवं सपा नेता अनिल दोहरे ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव जी उत्तर प्रदेश की जनता की सभी समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए किसानों को 12000 वार्षिक और महिलाओं 1500 मासिक पेंशन देने का फैसला लिया है । इसके साथ ही राज्य कर्मचारियों की पेंशन बहाली भी की जायेगी । अनिल दोहरे ने कहा कि हम उनके इस फैसले का तहे दिल से स स्वागत करते हैं । पेंशन के साथ ही उत्तर प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को खत्म करने के लिए नौ लाख युवाओं को रोजगार भी दिया जाएगा। यही नही 2022 में सरकार बनने पर समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो ने 300 यूनिट बिजली फ्री देने की भी घोषणा की है । अनिल दोहरे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अमन चयन कायम रखने के लिए माननीय अखिलेश यादव जी ने जो भी फैसले लिए है वे सभी स्वागत के योग्य हैं । और प्रदेश की जनता से अपील करते हैं कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के समाजवादी पार्टी ही एक मात्र विकल्प है । इसलिए हम सभी मिलकर 2022 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे । अनिल दोहरे ने कहा कि हम समाजवादी पार्टी के विचारों और नीतियों को लगातार क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं और आगे भी इसी तरह प्रयासरत रहेंगे । क्योंकि हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है ।



### ओझा के नेतृत्व मे विशाल धरना प्रदर्शन

**पुष्पांजली टुडे**

पाली। युवा मोर्चा पाली जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा के नेतृत्व मे विशाल धरना प्रदर्शन आज पाली कलक्टर ऑफिस के बाहर नारेबाजी करते हुए सेकडो संख्या में यूवाओ ने गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी कि। कुछ दिनो पहले शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासारा ने अपने रिश्तेदारों को इंटरव्यू में ज्यादा अंक दिलवाने का आरोप लगा था जिसकी जांच कर दोषियों और जल्द से जल्द सजा दी जाए और जांच सीबीआई से की जाय यह ज्ञापन राज्यपाल महोदया को कलक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान जिलेभर से युवा मोर्चा के नेताओ ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार, जिला महामंत्री सुनील भंडारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, नारायण कुमावत, युवा मोर्चा के पुर्व उपाध्यक्ष गुलाब सांखला, भाजपा नेता कुलदीप बग्गा , अनिल व्यास , सोजत भाजपा शहर मण्डल मंत्री महेश सोनी , हरिश कुमार सीरवी, सोहन मेवाड़ा , गोतम तंवर , पूर्व पार्षद राम अवतार भाटी , पार्षद प्रियंका धीरज नागौरा , राकेश पंवार , सुनील प्रजापत , भंवरलाल सैनी ,मदन मोदी , सुनील , रामलाल चौहान , कालूराम मेघवाल, बगड़ी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, दीपक पंवर , कमल , आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

## 108 इमरजेंसी एंबुलेंस मैं पदस्थ ईएमटी द्वारा किया गया सुरक्षित प्रसव, जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ्य

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद जानकारी के अनुसार बुधवार शाम 3ः00 बजे गोहद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई जिसे 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के माध्यम से ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में ही वाहन खड़ा करके सुरक्षित प्रसव कराया गया

आज के समय में 108 एंबुलेंस जीवन रक्षक के रूप में साबित हो रही है ऐसा ही कुछ एक नजारा ग्वालियर की हस्तिनापुर लोकेशन एंबुलेंस पर शाम 4ः22 बजे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,(सीएचसी) गोहद से कमला राजा ग्वालियर के लिए 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के लिए फोन किया गया और ग्वालियर की हस्तिनापुर थाना इमरजेंसी 108 एंबुलेंस निहित समय पर मरीज के पास पहुंची मरीज को एंबुलेंस में बिठाकर कुछ ही दूरी पर एंबुलेंस में बैठी आशा पत्नी अनिल कुमार उम्र 26 साल निवासी छीमका को बहुत ही जोर से प्रसव पीड़ा होने लगी इस प्रसव पीड़ा को देखते हुए पायलट नरेश कुमार ने संयम से काम लेते हुए एंबुलेंस को रोड से नीचे लगाया और एंबुलेंस में पदस्थ मेडिकल टेक्नीशियन पूरन सिंह ने प्रसव पीड़ा होने वाली महिला को शाम 4ः30 बजे के आसपास प्रसव कराया जिसमें इस महिला ने एक स्वास्थ्य बच्चे को जन्म दिया अब मां और बच्चे दोनों ही सुरक्षित है और उनको ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल में भर्ती कराया है सुरक्षित प्रसव होने पर होने पर पारिवारिक जनों ने एंबुलेंस कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए वहां से रवाना किया।



## रूपावास मे दुसरी डोज वैक्सीनेशन 110 टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ



**पुष्पांजली टुडे**

पाली। सीमावर्ती रूपावास ग्राम पंचायत भवन सेन्टर मे दुसरी लहर रोकथाम के लिए 18 प्लस व 45 आयु से ऊपर वालो के आस पास ग्रामीणों को द्वितीय डोज वैक्सीनेशन कोरोना टीकाकरण 110 शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं व महिलाओं पुरूषों ने लम्बी कतार में बैठकर अपनी बारी आने का इन्तजार कर लोगों ने बड़े उत्साह शांति पूर्ण से टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ आशा बैन, पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल, वैक्सीनेशन ऑफिसर नरेन्द्र खण्डेलवाल, सीएचओ ओमप्रकाश भाटी, समाज सेवी हरिभाई पटेल, प्रवीण गर्ग, बाबुलाल सुपर वाइजर, रामजीवन सुथार, अशोक दवे,गजेन्द सैन सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।



## शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में वैक्सीनेशन कैंप संपन्न

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

पिछोर / शासन (उच्च शिक्षा विभाग) के आदेश अनुसार महाविद्यालय में कोविड 19 के संक्रमण के बचाव हेतु आदरणीय प्राचार्य डॉ केशव सिंह जी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय स्टॉप एवं विद्यार्थियों ने कोविंड 19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए वैक्सीन लगवाई वैक्सीन लगवाने वालों में प्राचार्य डॉ केशव सिंह डॉक्टर अक्षय जैन डॉक्टर के के यादव प्रो. एनएस भिड़े डॉक्टर करण सिंह प्रो. जगदीश आर्य श्री वीर सिंह मुख्य लिपिक श्री रामकुमार प्रजापति श्री दशरथ कुशवाहा श्री राम कुमार जाटव श्री पातीराम कोली श्री रघुवीर केवट अन्य स्टाफ सहित छात्र छात्राओं एवं अंचल के नागरिकों सहित 220 वैक्सीन डोज लगाए गए वैक्सीनेशन की तमाम व्यवस्था एवं क्रियान्वयन में मुख्य रूप से डॉ गिरीश नीखरा एवं शिवतीर्थ चतुर्वेदी की भूमिका रही।

## चम्बल डिपार्टमेन्ट द्वारा श्योपुर की भूमि के लिए किसानों ने जिला कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

**रवीना शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर किसानो की भूमिं चम्बल डिपार्टमेन्ट द्वारा श्योपुर की भूमि सर्वे कमांक 206 से 300 तक,सलापुरा की भूमि सर्वे कमांक 299 से 301 आदि व बडौदा, ढोटी आदि स्थानों पर नहर निर्माण कार्य के लिये कर्मचारी, अधिकारियों, मजदूर, के रहने एंव मशीनरियों के रख रखाव हेतु रखने के लिये अस्थाई रूप से 03 वर्ष के लिये धारा 4 धारा 35 के अन्तर्गत ली गई थी । नहर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 12 जून 1959 को वापिस कर दी गई थी। हमारी भूमि धारा 36(2) के अन्तर्गत भूमि स्वामी व वारिसानों को पर्यावर्तीत करना चाहिये थी । एण्ट्री चम्बल डिपार्डमेन्ट के नाम होते हुये भी हक भूमि स्वामी के पास है ।



किसानों की भूमि की धारा 6 के अन्तर्गत उद्घोषणा भी जारी नहीं की गई थी व प्रकाशन भी जारी नहीं किया गया था भू अर्जन अधिनियम की धारा 6 से 16 की कोई कार्यवाही नही की गई और ना ही मुआवजा दिया गया है, नाही इकरार नामा किया है ना ही कब्जा लिया गया है। स्थावर सम्पत्ति अधिनियम के अर्न्तगत दिनॉक 10 जनवरी 1968 को अधिग्रहण के आदेश निमुक्त कर दी गई, 23 सितम्बर 1977 को अभिप्रेत कर दी गई इसलिये अधिग्रहण के आदेश निमुक्त करते हुये चम्बल डिपार्टमेन्ट का असत्तिव समाप्त हो जाने से पूर्ण रूप से हम भूमि स्वामी है। सिचाई विभाग, जल संसाधन विभाग, अन्य कोई डिपार्टमेन्ट किसी भी तरह से भूमि स्वामी नहीं है यदि भूमि स्वामी है तो अपना भू स्वामी सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करे । हम किसान करीबन 55 से 60 वर्षो से चम्बल डिपार्टमेन्ट का अता पता न होने के कारण सम्बन्धित विभाग के चक्कर लगा रहे है परन्तु हम किसानों की भूमि उनके वारिसानों के नाम पर्यावर्तित क्यों नहीं करना नहीं चाहते है! कर्मचारी अधिकरी मिलकार दस्तावेजों मे हैरा फेरी करके हम किसानों की भूमि को बेचना चाहते है!

# कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी और दीनदयाल जी के विचारों को लेकर बूथ केंद्रों संगठन को गति प्रदान करें : लाल सिंह आर्य'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल जी ने अहम भूमिका निभायी थी। डॉ. मुखर्जी ने उस समय मुस्लिम लीग के प्रयासों का विरोध किया जब वह पूरे बंगाल को पाकिस्तान में शामिल कराने के लिए षडयंत्र चला रही थी। पश्चिम बंगाल आज अगर भारत का अंग है, तो उसका श्रेय भी डॉ. मुखर्जी को ही जाता है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी देश के ऐसे पहले शहीद थे, जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए आजादी के बाद अपना बलिदान दिया। पं. नेहरू ने अपनी हठधर्मिता के चलते कश्मीर में धारा 370 लगाई थी, लेकिन डॉ. मुखर्जी को पं. नेहरू का यह तुष्टिकरण रास नहीं आया। उन्होंने महसूस किया कि देश को एक ऐसे वैकल्पिक राजनीतिक दल की जरूर है जो देश के लिए सोचता हो और उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना की। यही जनसंघ आज भाजपा के रूप में एक विशाल वटवृक्ष बन गया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने मेहगांव विधानसभा के दंदरौआ मंडल कार्यसमिति के प्रशिक्षण के प्रथम सत्र के उद्घाटन अवसर पर को संबोधित करते हुए कही। इस भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर विशेष रूप से मंचासीन थे अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजवीर




सिंह गुर्जर ने की।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने प्रशिक्षण के समापन सत्र मैं कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा दल है जिसमें बूथ का कोई भी कार्यकर्ता पंच, सरपंच से लेकर मंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री तक बन सकता है। यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। हम सभी को मिलकर बूथ को मजबूत और मंडल को सशक्त बनाना कर अपनी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करे ।

भाजपा दंदरौआ मंडल के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया द्य

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत दंदरौआ मंडल पहुंचे जहां उन्होंने डॉक्टर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए और मंदिर परिसर में पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर कार्य और कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण भी किया जिसमें कई प्रकार के पेड़ों को लगाकर उसमें उन्होंने जल दान भी किया ताकि हमारा पर्यावरण हरा-भरा बना रहे इस अवसर पर कहा की वृक्षारोपण करना मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है जो कि हमें पर्यावरण से ऑक्सीजन और छाया भी प्राप्त होती है ।

# शहर की सभी कॉलोनी एवं मोहल्ले हों हरे भरे प्रदूषण मुक्त, इसके लिए सभी करें सहयोग: अपर आयुक्त



**ग्वालियर।** जब शहर की सभी कॉलोनियां एवं मोहल्ले हरे भरे व प्रदूषण मुक्त होगें तभी ग्रीन ग्वालियर की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इसके लिए सभी शहरवासियों के सहयोग की आवश्यकता है और रहवासियों को पर्यावरण व हरियाली के लिए प्रेरित करने का प्रमुख माध्यम हैं रहवासी संघ एवं कॉलोनियों की स्थानीय समितियां। पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए सभी रहवासी संघ व समितियों के पदाधिकारियों को अपने अपने कॉलोनी व मोहल्ले में ग्रीन हब बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर पौधों का वृक्ष बनने तक संरक्षण करना होगा। उक्ताशय के विचार अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव ने गुरुवार को पौधारोपण में सहयोग के लिए शहर के विभिन्न रहवासी संघों एवं कॉलोनी की समितियों के पदाधिकारियों के साथ परिचर्चा में व्यक्त किए। बालभवन में आयोजित पौधारोपण सहयोग एवं सुझाव परिचर्चा में अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव ने शहर के विभिन्न रहवासी संघों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा पौधारोपण के लिए चलाया जा रहा अंकुर अभियान केवल कुछ लोगों का नहीं बल्कि प्रत्येक शहरवासी का अभियान है, हम सभी को पौधे रोपकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेना चाहिए और जो भी पौधे शहरवासियों द्वारा लगाए जाएंगे, उनका वायुदूत पर पंजीयन कर उन्हें वायुदूत एप्प पर अपलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी व्यापारियों व संगठनों को आगे आकर अपने शहर ग्वालियर की हरियाली के लिए प्रयास करने चाहिए। अपर आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी अपनी-अपनी कॉलोनी व मोहल्लों में पार्क के साथ ही ऐसे स्थानों पर जहां खाली स्थान है वहां पौधारोपण करें तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लें और यदि आपके घर के सामने रोड चैडी है और घर के बाहर पौधे लगाने का स्थान है तो वहां अवश्यक पौधे लगाएं तथा उनका संरक्षण भी करें। बैठक में रहवासी संघों एवं कॉलोनी की समितियों के पदाधिकारियों ने अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव को आश्वासन दिया कि वह विभिन्न खाली व चयनित स्थानों पर पौधें रोपेंगें तथा उनका संरक्षण की जिम्मेदारी लेगें। इसके साथ ही निगम के पौधारोपण अभियान में हर संभव सहयोग करेगें और ग्रीन ग्वालियर की परिकल्पना को साकार करेगें। बैठक के दौरान अनेक रहवासी संघों के पदाधिकारियों द्वारा उनकी कॉलोनी में किए जा रहे पौधारोपण की जानकारी भी दी तथा निरंतर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल, डीबी सिटी रहवासी संघ, पटेल नगर रहवासी संघ, गोकुल अपार्टमेंट रहवासी संघ, लक्ष्मीनगर रहवासी संघ, तानसेन नगर रहवासी संघ सहित अन्य रहवासी संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या का मामला: हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल

## चचेरा भाई अब अंतिम सांस तक जेल में रहेगा, जमानत भी नहीं

**ग्वालियर।** ग्वालियर हाईकोर्ट की युगल पीठ ने 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी चचेरा भाई की फांसी की सजा को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा में बदला है। इस दौरान न उसे पैरोल मिलेगी न ही जमानत। सजा बदलने का कारण बताया गया है कि दंड के प्रश्न पर सही से सुनवाई न होना है।

सजा में बदलाव के साथ कोर्ट ने टिप्पणी की है, आरोपी ने रिश्तों को तार-तार करने वाली घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद सामान्य सा व्यवहार कर रहा था। पछतावा भी नहीं था, इसलिए उसे अंतिम सांस तक जेल में रखा जाए। आरोपी की पहचान शर्ट के टूटे बटन और उसके चेहरे पर नाखून के निशान से पुलिस ने की थी। यही दो सबूत सजा दिलाने में अहम सबूत सिद्ध हुए थे।

## यह है पूरी घटना



पनिहार के नयागांव निवासी एक 8 साल की मासूम बच्ची जो कक्षा तीसरी की छात्रा थी। वह 4 जुलाई 2017 को सुबह 11 बजे गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के लिए घर से निकली थी। शाम 4 बजे स्कूल की छुट्?टी के बाद जब मासूम घर नहीं पहुंची तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। स्कूल में भी कक्षा की बेंच पर उसका बैग और टिफिन रखा मिला था। स्कूल में 4 बजे तक उसे देखे जाने का भी पता लगा। जिससे यह साफ था कि वह स्कूल आई थी। इसके बाद परिजन ने स्कूल और घर के बीच एक किलोमीटर के रास्ते पर कई बार तलाश किया। पर कुछ पता नहीं चला और परिजन पनिहार थाने पहुंचे। बच्ची के इस तरह लापता होने को पुलिस ने गंभीरता से लिया। बच्ची की तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक उसका कुछ पता नहीं लगा। पुलिस को 13 घंटे बाद 5 जुलाई 2017 को सुबह 5 बजे लापता के स्कूल और घर के रास्ते के बीच में रामप्रसाद प्रजापति की खाली पाटौर में मासूम का शव पड़ा मिला था। यह वह जगह थी जहां से पुलिस और परिजन 13 घंटे में 20 बार गुजरे थे। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। बच्ची के गले पर कसने और दुष्कर्म के सबूत मिले थे।

**शर्ट के बटन, चेहरे पर नाखून के निशान से हुआ था खुलासा:** इस मामले में मासूम के साथ दरिंदगी करने वाला उसका ही रिश्ते में चचेरा भाई मनोज प्रजापति निकला है। बच्ची के साथ दुष्कर्म करने और उसकी हत्या करने के बाद आरोपी 13 घंटे तक मासूम को तलाश करने का दिखावा करता रहा। बार-बार बच्ची के पिता के साथ थाने आ रहा था। इसी दौरान उसकी शर्ट का एक बटन टूटा होना और चेहरे पर नाखून के निशान से पुलिस को संदेह हुआ था। उसकी शर्ट से मैच करता हुआ बटन पुलिस को स्पॉट पर मिला था। डॉक्टर ने बच्ची के नाखून में स्किन देखी थी। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया। मनोज प्रजापति ने रिश्ते में अपनी बहन के साथ नशे में दुष्कर्म करने और हत्या करने की बात कुबूल की थी। मनोज प्रजापति को विशेष सत्र न्यायालय ने 8 मई 2019 को दुष्कर्म, हत्या व पॉक्सो एक्ट में अंतिम सांस तक फांसी के फंदे पर टांगने की सजा सुनाई थी।

**अब बदली सजा:** अंतिम सांस तक फांसी की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। 19 जुलाई 2021 को हाई कोर्ट में याचिका पर अंतिम बहस हुई। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता राजेश शुक्ला ने तर्क दिया कि आरोपी ने गंभीर अपराध को अंजाम दिया है।

## निगमायुक्त ने किया स्वसहायता समूह के स्टॉल का निरीक्षण कर ली उत्पादों की जानकारी

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने आज गुरुवार को निगम मुख्यालय स्थित एनयूएलएम शाखा में स्व सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। नगर परियोजना अधिकारी सुश्री साक्षी बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में लगभग 160 स्व सहायता समूह पंजीकृत हैं, जो कि विभिन्न उत्पाद तैयार करते हैं। इन समूहों द्वारा तैयार उत्पाद की बिक्री के लिए एनयूएलएम शाखा में विगत दिनों से कुछ स्व सहायता समूहों द्वारा अपने स्टॉल लगाए जा रहे हैं। निगमायुक्त श्री वर्मा ने आज उक्त स्टॉलों का निरीक्षण कर महिलाओं से जानकारी ली तथा कहा कि स्व सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार मिले।

## वन-टू-वन

### अम्बेडकर पार्क एवं गांधी पार्क में लगाए पौधे

**ग्वालियर।** निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्रीन ग्वालियर के लिए चलाए जा रहे अंकुर अभियान के तहत गुरुवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें पार्क निरीक्षक श्री दिनेश कुशवाहा एवं सहायक पार्क निरीक्षक श्री राजकुमार नागर द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा में फूलबाग स्थित अम्बेडकर पार्क एवं गांधी पार्क में नीम, आंवला, गुडहल, कचनार आदि प्रजाति के कुल 70 पौधो का रोपण किया गया। वहीं पार्क निरीक्षक श्री अंकित परिहार द्वारा सिरोल पहाड़िया पर पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदाई का कार्य कराया जा रहा है।

### जलभराव वाले क्षेत्रों से जलनिकासी के लिए तत्पर निगम का अमला

**ग्वालियर।** शहर में हो रही बारिश के चलते कुछ स्थानों पर बन रही जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम का अमला तत्पर है और निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में जलनिकासी के कार्य कर रहा है। निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा सभी सीसीओ, सीओ एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि शहर में जहां भी जलभराव की स्थिति बनती है, वहां बारिश के तुरंत बाद जलनिकासी अमला मौके पर होना चाहिए। इसी निर्देश के क्रम में सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा वार्ड वार आपदा दल तैयार किया है जो कि बारिश के तत्काल बाद जल भराव वाले क्षेत्र में पंहुचकर जलनिकासी की कार्यवाही करता है और निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरंतर इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है।

### अंडे के छिलके घर के सामने फेंकने पर तलवार, चाकू व सरिया चले

**ग्वालियर।** शहर के माधवगंज थाने के बालाजीपुरम में बीती रात को घर के सामने अंडे के छिलके फेंकने को लेकर दो पड़ोसियों बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष तलवार, चाकू व सरिया लेकर आमने-सामने आ गए। और एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमे दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचायाऔर क्रास में मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बालाजीपुरम में अरविंद शर्मा व अफसर खान का परिवार पास-पास रहता है। बीती रात अरविंद शर्मा घर के सामने अंडे के छिलके फेंकने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। और दोनों पक्ष हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। झगड़े में अरविंद शर्मा व अफसर घायल हो गए। माधवगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला को पति और सास ने जहर पिलाया

**ग्वालियर।** शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में स्थित माधौनगर में घरेलू काम को लेकर सास से हुए विवाद के बाद पति और सास ने महिला को जहर पिला दिया। महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी सास और पति को गिरफ्तार कर लिया है ।जानकारी के अनुसार जनक थाना क्षेत्र के माधौ नगर निवासी वर्षा 26 वर्ष पत्नी ऋषि पाल को बीते रोज गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद पीड़िता ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह वह घर में काम कर रही थी तभी उसकी सास आई और विवाद करने लगी उसने अपनी सास को समझाने का प्रयास किया तो पति भी आ गया और विवाद करते हुए उसकी मारपीट कर दी। तभी सास ने उसके हाथ पकड़ लिए और पति ने एक बोतल निकाल कर उसमें रखा पदार्थ जबरन पिला दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर सास और पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### कार्यकर्ताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं का मिला मार्गदर्शन

ग्वालियर। भातीय जनता पार्टी की मंडल कार्यसमिति 29 जुलाई से प्रारम्भ हुई। इसी क्रम में भाजपा हेमू कालानी मंडल की मंडल कार्यसमिति गुरूवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे देववन गार्डन, छत्री मंडी में और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी मंडल की कार्यसमिति सुबह 11 बजे ईदगाह स्थित शिवाजी भवन में संपन्न हुई। हेमुकलानी मंडल कार्यसमिति का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी द्वारा और दीनदयाल उपाध्याय मंडल की कार्यसमिति का शुभारंभ भाजपा प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह और समापन वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा ने किया।

Prashant Bhadouriya 8279318693
0751-4910086 CNTX- 2286
Prabal Rajawat 9584013254
AirSON PHARMA
Pharmaceutical Distributor
Deal's in - MANKIND, FDC, CHARAK, ABBOTT, MECLEODS, CIPLA, HIMALAYA, MEDLEY, SANOFI ETC
Hujrat Pull Near Madhav Plaza, Jinshi Road-2, Lashkar, Gwalior (M.P.)
Gmail : airsonpharma20gmail.com

पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,दैनिक न्यूज़ पेपर,ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल
पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा मध्यप्रदेश के हर एक ज़िले में तहसील में ब्यूरो एवं रिपोर्टर मनोनीत किया जा रहे है।
इच्छुक व्यक्ति तुरंत सपंर्क करें :-
9826576206, 8839257634, 0751-4901403
पंकज त्रिपाठी
स्टेट ब्यूरो चीफ म.प्र.

सौम्या प्रोपर्टीज
ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनो का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें।
सैना के जवानों के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण उपहार व 10% की छूट
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर भिण्ड रोड, मुरैना झांसी रोड, ग्वालियर मुरैना वड़ागांव खुरैरी रोड, एयरपोर्ट शनिचरा रोड
सम्पर्क करें
9713253992
www.somyaproperty.com
तोमर मार्किट गायत्री मंदिर वाली गली पिंटू पार्क ग्वा.

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO Approved INTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478